Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Saturday, 26 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 101 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

जब दुनिया आपको अपने घुटनों पर धकेलती है, तो आप प्रार्थना करने की सही स्थिति में होते हैं।

–रूमी

Nushrratt Bharuccha Was Told She's...

SHARE

सेंसेक्स	:	79,212.53
निफ्टी	:	24,039.35

SARAFA

सोना	:	9,180
चांदी	:	111.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सिक्किम में भारी बारिश से लैंडस्लाइड, फंसे पर्यटक

SIKKIM : सिक्किम में लगातार हो रही है। बारिश के कारण शुक्रवार को लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण करीब 1,000 पर्यटक फंस गए हैं। फंसे हुए पर्यटकों का रेस्क्यू किया जा रहा है। राजधानी गंगटोक से करीब 100 किलोमीटर दूर लाचेनचुंगथांग रोड पर मुंशीथांग और लेमा/बॉब में पर्यटकों की करीब 200 गाड़ियां फंसी हुई हैं। उनमें सवार पर्यटक एक गुरुद्वारे में ठहरे हुए हैं। लाचुंग और लाचेन तक पहुंचने वाले रास्ते बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे पर्यटकों का निकला मुश्किल हो गया है। लाचुंग और लाचेन हिल स्टेशन हैं, जो गुरुडोंगमार झील और युमथांग घाटी के कारण अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई है।

बहराइच में राइस मिल का ड्रायर फटा, पांच की मौत

BAHRAICH : शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में एक राइस मिल का ड्रायर फटने से हुए हादसे में पांच मजदूरों की जान चली गई। यह मजदूर बिहार और उत्तर प्रदेश के बताए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य और घायलों को बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि, जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय मिल में 8-10 मजदूर काम कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी मजदूर लवकुश ने बताया कि दरगाह थाना इलाके के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थित राजगढ़िया राइस मिल में वह कम करता है। आज धान सुखाया जा रहा था, इसी दौरान ड्रायर फट गया। आग लग गई तो हम सब उसे बुझाने लगे। तभी धुआं भरने से एक-एक करके पांच मजदूर बेहोश होकर गिर पड़े।

दक्षिण कोरिया ने अमेरिका से टैरिफ पर मांगी छूट

NEW DELHI : दक्षिण कोरिया के उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री चोई सांग-मोक और व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री आह्न डुक-ग्यून टैरिफ पर चर्चा के लिए अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पहुंचे हैं। दक्षिण कोरिया के व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के पारस्परिक और क्षेत्र विशेष विशिष्ट टैरिफ उपायों से छूट देने का अनुरोध किया गया है। दक्षिण कोरिया इस मुद्दे पर जुलाई तक इंतजार करने पर सहमत हो गया है। द कोरिया टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, दोनों मंत्रियां ने वाशिंगटन में अमेरिकी वित्त और व्यापार अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ता की। इस वार्ता में अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पारस्परिक टैरिफ लगाने के बाद व्यापार विचार-विमर्श किया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की अपील, कहा-

पाक नागरिकों की पहचान कर भेजें वापस

AGENCY NEW DELHI : शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उन्हें वापस भेजें। इस बीच आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे, यहां उन्होंने एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके बाद जनरल द्विवेदी बैसरन घाटी पहुंचे हैं, जहां 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला किया था। हमले के 3 दिन बाद सेना ने बड़ा एक्शन लिया। जम्मू-कश्मीर के त्राल और अनंतनाग के बिजबेहरा में दो लश्कर आतंकियों के यहां सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान दोनों के घरों में रखा एक्सप्लोसिव ब्लास्ट हो गया। धमाके में आसिफ शेख और आदिल ठोकेर के घर पूरी तरह तबाह हो गए। इधर, बांदीपोरा में सर्च ऑपरेशन के दौरान शुरू हुए एनकांटर में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है। दो जवान भी घायल हैं। बता दें कि पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे।

हमले के तीन दिन बाद सेना ने लिया बड़ा एक्शन, चलाया सर्च ऑपरेशन

मारे गए टूरिस्ट्स को दी गई श्रद्धांजलि : पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद तीसरे दिन देशभर में आतंकियों के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहा। जगह-जगह पर पाकिस्तान और आतंकियों का पुतला जलाया गया। वहीं, शुक्रवार को हमले के बाद पहली जुमे की नमाज है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुमे की नमाज के समय काली पट्टी बांधी। फिर आतंकी घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं, हमले में मारे गए टूरिस्ट्स को श्रद्धांजलि दी।

बैसरन घाटी पहुंचे आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी

- त्राल और अनंतनाग में विस्फोट कर ढहाए गए दो लश्कर आतंकियों के घर
- बांदीपुरा मुठभेड़ में मारा गया लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली

खुफिया एजेंसियों की रडार पर कोलकाता में रह रहे 30 पाकिस्तानी नागरिक, गतिविधियों पर विशेष नजर

KOLKATA : पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार और खुफिया एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। इसी क्रम में कोलकाता में लॉन्ग टर्म वीजा (एलटीवी) पर रह रहे 30 पाकिस्तानी नागरिकों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इनमें से अधिकतर महिलाएं हैं, जो कोलकाता के स्थानीय वासियों से विवाह कर चुकी हैं। खुफिया विभाग के सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में 30 पाकिस्तानी नागरिक कोलकाता में एलटीवी के तहत रह रहे हैं। यह वीजा उन पाकिस्तानी नागरिकों को दिया जाता है, जो भारत में विवाह के उपरांत यहां बसते हैं। शुरुआत में पांच वर्ष का वीजा दिया जाता है, जिसके बाद उसे एक या दो वर्षों की अवधि में नवीनीकृत कराना होता है। हर बार वीजा नवीनीकरण से पहले खुफिया जांच अनिवार्य होती है।

संदिग्ध आतंकी मददगारों की पहचान में जुटी पुलिस

अनंतनाग पुलिस ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद अनंतनाग में बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सिक्योरिटी फोर्सेस दक्षिण कश्मीर में संदिग्ध आतंकी मददगारों की पहचान में जुटी हैं। शांति-सुरक्षा कायम रखने में लोगों का सहयोग अहम रोल निभाएगा। पहलगाम हमले के बाद पुलवामा के अवंतीपोरा में स्थानीय आतंकवादियों और उनसे जुड़े लोगों के घरों और ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

पाक ने एलओसी पर की फायरिंग

पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार की सुबह लाइन आफ कंट्रोल (एलओसी) के कुछ इलाकों में हल्के हथियारों से फायरिंग की। भारतीय सेना ने तुरंत और मजबूती से इसका जवाब दिया। सेना के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। भारतीय सेना ने कहा कि वह पूरी तरह सतर्क है और पाकिस्तान की किसी भी हरकत का जवाब देने के लिए तैयार है।

कुलनार में दो दिनों में चौथा एनकाउंटर

शुक्रवार को बांदीपुरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली को मार गिराया गया है। विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बांदीपुरा में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया, जिसके बाद गोलीबारी हुई। बता दें कि हमले के बाद या चौथा एनकाउंटर हैं।

सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला लिया था। गुरुवार देर रात भारत की तरफ से पाकिस्तान को चिट्ठी भेजकर इसकी आधिकारिक जानकारी दे दी गई। भारत में जल शक्ति मंत्री सचिव देवश्री मुखर्जी ने पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव मुर्तजा को पत्र लिखा है।

आतंकी कुछ भी कर लें, हम उन्हें हरा देंगे : राहुल

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से श्रीनगर में उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने हमले में घायल हुए व्यक्ति से श्रीनगर के एक अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस हमले के जरिए आतंकी समाज को बांटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा देंगे।

छिपकर रह रहा था एक फ्लैट में, 11 माह से खोज रही थी पुलिस

पुलिस के हत्थे चढ़ा नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड संजीव

PHOTON NEWS TEAM : गुरुवार की देर रात में नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को पटना के दानापुर से आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने दबोच लिया। शुक्रवार को गिरफ्तारी की जानकारी सार्वजनिक हुई। संजीव 5 मई 2024 को हुए नीट पेपर लीक के बाद से फरार था। पुलिस का कहना है कि संजीव मुखिया पेपर लीक की मुख्य कड़ी है। इसका मतलब है कि वह इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है। पुलिस को उम्मीद है कि उससे पूछताछ के बाद कई राज खुलेंगे। एडीजी एडव नैयर हसनैन ने बताया कि गुरुवार को संजीव के पटना आने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर गई। वेरिफिकेशन किया तो संजीव ही निकला। इसके बाद टीम ने उसे गिरफ्तार किया। दानापुर के सगुना मोड़ के एक अपार्टमेंट से उसे अरेस्ट किया है। ईओयू की टीम संजीव मुखिया से पूछताछ कर रही है। पुलिस मानती है कि वह पेपर लीक की मुख्य कड़ी है। उससे पूछताछ के बाद कई अहम खुलासे हो सकते हैं। बिहार पुलिस की ईओयू ने इस मामले की जांच शुरू की थी। जांच में कई सॉल्वर और बिचौलियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि संजीव मुखिया नीट पेपर लीक का मुख्य साजिशकर्ता है। मामला सामने आने के बाद वह फरार हो गया था।

अब हो सकते है कई महत्वपूर्ण खुलासे

- आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने पटना के दानापुर से किया गिरफ्तार
- कई प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक कराने का आरोपी है मुखिया

तीन लाख रुपये का था इनाम, पुलिस मानती है मुख्य कड़ी

11 मई 2024 को झारखंड से 6 लोगों की हुई थी गिरफ्तारी

कई पेपर लीक में हाथ

संजीव मुखिया पर तीन लाख का इनाम भी था। नीट के साथ-साथ कई प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लीक में वह आरोपी रह चुका है। जांच एजेंसी को शक है कि नीट पेपर लीक में संजीव मुखिया का अहम रोल है। 11 मई 2024 को झारखंड के देवघर से 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इनमें चिंटू भी शामिल था। चिंटू इस लीक कांड के मुख्य सरगना संजीव मुखिया का रिश्तेदार है।

नालंदा का है संजीव मुखिया

51 साल का संजीव मुखिया बिहार के नालंदा जिले के नगरनौसा गांव का है। उसे लोग लूटन मुखिया के नाम से भी बुलाते हैं। पहली बार उसका नाम साल 2010 में ब्लूटूथ डिवाइस का इस्तेमाल करके छात्रों को नकल कराने में आया था। संजीव मुखिया का नाम साल 2016 में बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा लीक मामले में भी आया था। इसके बाद कई पेपर लीक में उसका नाम जुड़ चुका है। संजीव मुखिया का नाम बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा -3 (बीपीएससी) के पेपर लीक मामले में आ चुका है।

काल बैसाखी का रहेगा प्रभाव, बारिश और वज्रपात होने की भी आशंका

झारखंड में मई के दूसरे हफ्ते में पड़ेगी भीषण गर्मी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के सभी जिलों में मई महीने के दूसरे हफ्ते में इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी। इसका असर राज्य के आम जनजीवन पर भी पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, मई माह के दूसरे हफ्ते में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका है। दो-तीन मई तक काल बैसाखी का प्रभाव रहेगा। इससे बारिश और वज्रपात होने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब बंगाल की खाड़ी से नमी झारखंड में प्रवेश करेगी, उसके प्रभाव से काल बैसाखी के चलते गर्जन वज्रपात और हल्की बारिश होगी। इससे राज्य के आम लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में 43 डिग्री के पार पहुंचा तापमान, लोग परेशान

राजधानी में थोड़ी राहत

अभी भी पूरा झारखंड प्रचंड गर्मी की चपेट में है। शुक्रवार को जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में तापमान 43 डिग्री को पार चुका है। भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। इधर, राजधानी रांची में अभी भी राहत है। यहां का तापमान शुक्रवार को 38.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि एक-दो दिन पूर्व तापमान 39 डिग्री था।

हीट वेव को लेकर अलर्ट

भीषण गर्मी को देखते हुए शुक्रवार को केंद्र सरकार ने राज्यों को हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। इससे बचाव और निपटने के लिए कई निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने सभी राज्यों को अस्पतालों में चिकित्सा प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। जारी पत्र में कहा गया है कि अगले कुछ दिनों में देश के अधिकतर हिस्से अत्यधिक गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक चिकित्सा प्रबंधन के इंतजाम पूरा करने और अग्निशमन सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को लगी फटकार

NEW DELHI : शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप-शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे सकते। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी।

वक्फ संशोधन कानून पर सरकार ने दाखिल किया हलफनामा

धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं सभी याचिकाएं खारिज की जाएं : केंद्र

AGENCY NEW DELHI : शुक्रवार को वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है। केंद्र ने वक्फ की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था।

- 5 मई को होगी इस मामले की अगली सुनवाई
- केंद्र सरकार ने कहा- अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकतीं
- संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा होती है लागू

उपलब्धि केंद्र के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने की स्वदेशी जांच तकनीक की घोषणा

अब सर्वाइकल कैंसर को पहचानेगी कोरोना जांच करने वाली मशीन

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और स्वदेशी विकास विजन को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का अभियान तेजी से नए-नए मुकाम हासिल कर रहा है। याद कीजिए, जब कुछ साल पहले ही कोराना वायरस के संक्रमण ने पूरी दुनिया को तबाही के हद तक प्रभावित किया था। करोड़ों लोगों की जान चली गई थी। वैज्ञानिकों ने इस संक्रमण की जांच के लिए विशेष मशीन तैयार की थी। कोरोना वायरस के इंफेक्शन का केस अब यदाकदा ही सुनने को मिलता है, लेकिन इसकी जांच के लिए बनी मशीन का अब दूसरी बीमारी को पहचानने में प्रयोग का रास्ता खुल गया है। यह उपलब्धि भारतीय वैज्ञानिकों के लगातार प्रयास से संभव हो सकी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, कोरोना संक्रमण की जांच करने वाली मशीन के जरिए अब देश में सर्वाइकल यानी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच होगी। चंद दिन पहले ही केंद्र सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने इस स्वदेशी जांच तकनीक की घोषणा की। इसे ट्यूनेट एचपीवी- एचआर प्लस नाम दिया गया है। कोरोना के अलावा इस मशीन का उपयोग टीबी रोगियों की पहचान करने में भी किया जाता है।

सभी जिला अस्पतालों में इस मशीन के जरिए महज एक घंटे में मिल जाएगी जांच रिपोर्ट

समय पर जांच के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर किया जा सकता है नियंत्रण

- इस स्वदेशी जांच तकनीक को ट्यूनेट एचपीवी- एचआर प्लस दिया गया है नाम
- टीबी रोगियों की पहचान करने में भी इस मशीन का किया जाता है इस्तेमाल
- भारत में हर साल सर्वाइकल कैंसर के आते हैं एक लाख 23 हजार से अधिक मामले

भारतीय वैज्ञानिकों के लगातार प्रयास के बाद मिली बड़ी सफलता

चिप आधारित है जांच की प्रक्रिया

भारतीय वैज्ञानिकों ने बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंट काउंसिल (बीआईआरएसी) के ग्रैंड चैलेंज इंडिया के तहत इस तकनीक को विकसित किया है। यह चिप आधारित आरटी-पीसीआर जांच है। यह मानव पेपिलोमावायरस (एचपीवी) वायरस के आठ उच्च-जोखिम वाले जीनोटाइप की पहचान कर सकती है।

सालाना 77 हजार महिलाओं की मौत

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में सर्वाइकल कैंसर का बोझ बहुत ज्यादा है। यह वैश्विक मामलों का लगभग 25 प्रतिशत है। हर साल एक लाख 23 हजार से ज्यादा नए मामलों और लगभग 77 हजार मौतों के साथ यह बीमारी भारतीय महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर बना हुआ है। डॉक्टरों का मानना है कि समय पर जांच के जरिए इस बीमारी को रोका जा सकता है।

नक्सलियों ने चल रहे अभियान को रोकने के लिए जारी किया पर्चा

BIJAPUR : नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर-तेलंगाना सीमा पर चल रहे बड़े नक्सली विरोधी अभियान को तत्काल रोकने की मांग की है। नक्सल संगठन की उत्तर-पश्चिम बस्तर डिविजन के प्रभारी रूपेश ने प्रेस नोट जारी कर यह अपील की है। नक्सलियों के जारी इस पर्चे में कहा गया है कि सरकार के इस ऑपरेशन से आदिवासी क्षेत्रों में भय और अशांति का माहौल है। नक्सलियों ने अपने बयान में सरकार से शांति वार्ता के लिए आगे आने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार गंभीरता दिखाए और बातचीत की पहल करे, तो वे भी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाने को तैयार हैं। नक्सलियों के जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि हम सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि वार्ता के जरिए समस्या के समाधान का रास्ता अपनायें, अनुकूल माहौल बनाएं ताकि सकारात्मक नतीजा निकले।

दुखद : 84 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

नहीं रहे इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन, बेंगलुरू में निधन

AGENCY NEW DELHI : शुक्रवार को अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष और प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया है। उन्होंने 84 वर्ष की आयु में बेंगलुरू में अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का योगदान भारत की अंतरिक्ष वैज्ञानिक उपलब्धियों में बेहद अहम रहा है। वे 1994 से 2003 तक इसरो के अध्यक्ष रहे। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण उपग्रह प्रक्षेपण कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन योजना आयोग के सदस्य भी रहे।

- भारत की अंतरिक्ष वैज्ञानिक उपलब्धियों में रहा बेहद अहम योगदान
- 1994 से 2003 तक थे इसरो के अध्यक्ष, कई उपग्रह प्रक्षेपण कार्यक्रमों का किया नेतृत्व
- पीएम मोदी सहित कई नेताओं ने जताया शोक

BRIEF NEWS

टिमकेन वर्कर्स यूनियन का चुनाव आज

JAMSHEDPUR : टिमकेन वर्कर्स यूनियन के चुनाव में शनिवार को मतदान होगा। यूनियन के 15 कमेटी मेंबरों में से 11 कमेटी मेंबर निर्विरोध हो चुके हैं। वहीं यूनियन के पदाधिकारियों में से अध्यक्ष आस्तिक महतो निर्विरोध हो चुके हैं। ऐसे में शनिवार को रेल सेल विभाग और क्वालिटी विभाग के 2-2 कमेटी मेंबर के लिए और 13 ऑफिस बियरर के पदों में से 12 पदों पर चुनाव होगा। ऑफिस बियरर के पदों पर भी प्रत्याशियों के बीच मुकाबला दिख रहा है। सबसे रोचक मुकाबला जनरल सेक्रेटरी पद के लिए वर्तमान महामंत्री विजय यादव और आरके प्रसाद के बीच होगा। सुबह 8.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद शाम 4.30 बजे से मतगणना होगी। 28 अप्रैल को विजेताओं की आधिकारिक घोषणा होगी। मालूम हो कि निर्विरोध होने वाले 11 कमेटी मेंबर में संजीव कुमार, इंद्रदेव मंडल, कन्हैया यादव, दिनेश कुमार महतो, दीपक कुमार शर्मा, गुरुचरण मांझी, राणा लहरी, श्रीनिवास प्रसाद यादव, सुरेश रविदास, दिनेश प्रसाद व के.राजू राव शामिल हैं।

लोकतंत्र की नींव हैं बाबा साहब के विचार : रघुवर

JAMSHEDPUR : भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, जमशेदपुर महानगर द्वारा शीतला भवन, भालूबासा में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की लड़ाई के सशक्त प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न दिया। उनकी दीक्षा भूमि पर संग्रहालय का निर्माण कराया तथा उनकी जयंती पर राजकीय अवकाश की घोषणा की। ऐसे अनेकों कार्य बाबा साहब के प्रति भाजपा की श्रद्धा और प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं। दास ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता एवं सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं।

त्रिदेव मंदिर का वर्षगांठ समारोह कल से

KHUNTI : मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला गांव स्थित त्रिदेव मंदिर का दो दिवसीय वर्षगांठ समारोह 27 और 28 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस संबंध में राजा कंजला के ग्राम अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने बताया कि 27 अप्रैल को सुबह 7.30 बजें त्रिदेव मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसे में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि उसी दिन अपराह्न एक बजे से मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू होगा, जिसका समापन 28 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे हवन और पूणार्हुति के साथ होगा। काशीनाथ महतो ने कुंजला ग्रामसभा की और से अपील की है कि कुजला सहित आसपास कें नागरिक अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल की रात आठ बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। राजा कंजला के ग्रामीण वर्षगांठ समारोह को सफल बनाने में लगे हुए है।

पलामू : जमीन विवाद में पीढ़ा से पीट पीट कर महिला की कर दी गई हत्या

छतरपुर थाना क्षेत्र के कउअल गांव की घटना, हत्या में शामिल तीनों आरोपी गिरफ्तार

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवताही गांव में दिनादाग टोला की महिला की पीढ़ा से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। घटना गुरुवार शाम चार बजे की है। मदन यादव की पत्नी शांति देवी 45 वर्ष अपनी बेटी के साथ लकड़ी का खूंटा गाड़ने के बाद उसमें बकरी को बांध रही थी। इसी दौरान शांति देवी के गोतिया लखन यादव की पत्नी कुलमनिया देवी 42 वर्ष, उसकी बेटी रंजू कुमारी 22 वर्ष व अंजू कुमारी 19 वर्ष से विवाद हुआ। इसमें उपरोक्त तीनों ने पीढ़ा से पीट- पीटकर शांति देवी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजन शांति देवी को इलाज के लिए छतरपुर स्थित

प्रतीकात्मक तस्वीर

अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके आलोक में मृतक के पुत्र मुन्ना कुमार के आवेदन पर तीनों आरोपी के खिलाफ छतरपुर थाना में गुरुवार को ही मामला दर्ज किया गया। इसके आलोक में पुलिस ने दिनादाग टोला में छापेमारी कर कुलमनिया देवी, रंजू कुमारी व अंजू कुमारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। तीनों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों का शांति देवी के साथ जमीन का विवाद सालों से चल रहा है। गुरुवार को शांति देवी ने बकरी को बांधने के लिए उनलोगों की जमीन पर खूंटा गाड़ दिया था। ऐसा करने से उसे रोका गया, लेकिन वह नहीं मानी और झगड़ा करने लगी। इससे आवेश में आकर तीनों ने मिलकर उसकी पीढ़ा से जमकर पिटाई कर दी, जिससे बाद में उसकी मौत हो गई। छापेमारी अभियान में अनुसंधानकर्ता सह एसआई घनश्याम मिश्रा व सुशील उरांव के अलावा महिला आरक्षी गुंजा कुमारी व पूनम कुंवर भी शामिल थीं।

डिवाइडर से टकराई बाइक, दो की मौत

PALAMU : रांची से सतबरवा आने के क्रम में शुक्रवार को अनियंत्रित होकर एक बाइक डिवाइडर से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई, जिससे उस पर सवार सतबरवा और मनातू के एक-एक युवक की मौत हो गई। दोनों युवक सगाई में शामिल होने के लिए आ रहे थे। घटना चान्हो थाना से 500 मीटर पूरब की ओर तीखे चटवल मोड़ पर हुई। युवकों की पहचान सतबरवा के मुक्ता गांव के विकास विश्वकर्मा (17) और उसके साथी मनातू के रहेया के उपेंद्र कुमार (22) के रूप में हुई है। विकास के बड़े भाई संदीप उर्फ संधू का शुक्रवार को लेस्लीगंज के महरजा में सगाई होनी थी। संदीप उर्फ संधू ने बताया कि उसके छेका में शामिल होने के लिए उसका छोटा भाई विकास विश्वकर्मा अपने साथी उपेंद्र कुमार के साथ बाइक से रांची से मुक्ता घर आ रहा था। चान्हो थाना से 500 मीटर पूरब की ओर तीखे चटवल मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कई मीटर दूर सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। चान्हो थाना पुलिस ने तत्काल दोनों इलाज के लिए भर्ती कराया। जांच के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। रांची रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पदाधिकारी संजय सिंह ने घटना की पुष्टि है।

शोक संतप्त परिजन

बरामद दो शवों की हुई पहचान

HAZARIBAG : विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जमनीजारा स्थित कोनार डैम के जंगल से शुक्रवार की अहले सुबह एक महिला और एक पुरुष का शव विष्णुगढ़ पुलिस ने बरामद की थी। शव की पहचान बोकारो निवासी विजय कुमार महतो और तिलैया देवी के रूप में की गई है। सूत्रों के मुताबिक मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है। तिलैया देवी विष्णुगढ़ के कुसुंभा की रहने वाली थी, जिसकी शादी जरीडीह में हुई थी और वह दो बच्चों की मां भी थी। मृतक विजय कुमार महतो रिश्ते में मृतिका का देवर लगता था। इस बाबत विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला की मां की ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। उक्त आवेदन के आधार पर विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसमें विभिन्न धराओं के तहत मुकेश कुमार महतो सहित अन्य के विरुद्ध दर्ज किया गया।

बोकारो रेलवे स्टेशन के पास भीषण अगलगी, 17 दुकानें जलकर राख

PHOTON NEWS BOKARO : रेलवे स्टेशन के समीप झोपड़ीनुमा दुकानों में गुरुवार की देर रात करीब 1 बजे भीषण आग लग गई, जिसमें 17 दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। घटना में हालांकि किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई, लेकिन दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने की शुरूआत एक गुमटी से हुई, जिसमें संभवतः शॉर्ट सर्किट कारण बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने आसपास की सभी दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया, लेकिन लगभग एक घंटे के विलंब से दमकल की गाड़ी मौके

जली हुई दुकानों से उठता धुआं, मलबा देखते लोग ● फोटोन न्यूज

पर पहुंची। तब तक दुकानों को बचाना संभव नहीं हो सका। जली हुई दुकानों में अमित होटल, मनोज जनरल स्टोर, राशन दुकानें व अन्य दैनिक जरूरत की दुकानें शामिल थीं। अमित होटल के मालिक अमित कुमार ने बताया कि रोज की तरह उन्होंने रात 11.30 बजे दुकान बंद की थी और कर्मचारी दुकान पर ही सो रहे थे। अचानक आग लगने की खबर मिली और बुझाने का प्रयास किया गया, पर आग की लपटें तेज थीं। मनोज कुमार, जिनकी राशन दुकान जल गई, ने बताया कि यह उनकी आजीविका का एकमात्र साधन था।

वहीं दुकानदार भीम प्रसाद का कहना है कि उनके पूरे परिवार की आजीविका इसी दुकान पर निर्भर थी, अब सब कुछ खाक हो गया है। स्थानीय मंटू दीक्षित ने बताया कि लगभग दो बजे अपने बेटी को लेने के लिए स्टेशन आए थे, तो देखा कि आग लगी हुई। सभी दुकानें एक दूसरे से सटी होने के कारण एक दुकान से दूसरी दुकान में आग फैलती गई। फिलहाल प्रशासन द्वारा आग लगने के सटीक कारण की जांच की जा रही है। प्रभावित दुकानदारों ने मुआवजे की मांग की है।

चलती कार में लग गई आग, बाल-बाल बचे लोग

AGENCY PALAMU : पलामू जिले के तरहसी से शादी समारोह में शामिल होने आ रही एक जाइलो कार में शुक्रवार दोपहर रेडमा चौक के पास अचानक आग लग गई। कार में महिलाएं और बच्चों सहित 10 लोग सवार थे। आग लगता देख आस के लोगों के बताने पर चालक ने गाड़ी रोक दी। यातायात प्रभारी शमाल अहमद ने सतर्कता दिखायी और सभी कार सवारों को बाहर निकाल कर आस पास की दुकानों से पानी लाकर आग बुझाई। जैसे ही जाइलो कार रेडमा चौक पहुंची, वहां मौजूद लोगों ने देखा कि कार के पिछले हिस्से से धुआं निकल रहा है। देखते ही देखते कार में आग की लपटें उठने लगीं थी। मौके पर मौजूद ट्रैफिक प्रभारी तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे रुकवाया। पहले सभी

घटनास्थल पर खड़ी कार

महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला और पास के दुकानदारों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया। कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। बाद में बच्चों और महिलाओं को ऑटो की व्यवस्था कर उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया, जबकि कार को नजदीकी गैराज भिजवाया गया। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री के आस पास चला गया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की भतीजी से जन्म प्रमाणपत्र बनाने में मांगी रिश्वत, एसडीएम ने लिया संज्ञान

अधिवक्ता पर लगा आरोप, अनुमंडल अधिकारी ने बार एसोसिएशन को लिखा पत्र

AGENCY GIRIDIH : प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की भतीजी ज्योति मरांडी से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर रिश्वत मांगे जाने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। मामले को खोरी महुआ अनुमंडल पदाधिकारी एनिमेष रंजन ने काफी गंभीरता से लिया है। जिस अधिवक्ता पर पैसा मांगने का आरोप है। उसके खिलाफ खोरी महुआ के एसडीएम ने कार्रवाई के लिए बार एसोसिएशन को पत्र लिखा है। इस बाबत एसडीएम ने कहा कि सूचना मिली कि तिसरी निवासी राधे श्याम मरांडी नामक व्यक्ति से जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर पांच हजार की मांग की गई। यह मांग अनुमंडल न्यायालय में अभ्यास करने वाले अधिवक्ता

प्रतीकात्मक तस्वीर

उदित कुमार अम्बष्ट की ओर से की गई है । जो गंभीर मामला है। ऐसे में अधिवक्ता उदित कुमार अम्बष्ट के खिलाफ झारखंड राज्य बार काउंसिल को पत्राचार कर अधिवक्ता पर गैर-विधिक कार्यों में संलिप्त होने और आम नागरिकों से अनुचित और मनमाने तरीके से धन की मांग किये जाने संबंधी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया है।

बताया गया कि बाबूलाल मरांडी के भाई राधेश्याम मरांडी की बेटी ज्योति मरांडी को जन्म प्रमाण पत्र बनवाना था। लेकिन उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया। ऐसे में वह अनुमंडल कार्यालय पहुंची जहां शपथ पत्र बनवाने के लिए परिसर में बैठे अधिवक्ता उदित कुमार अम्बष्ट से बात की। राधेश्याम मरांडी और उनकी बेटी ज्योति मरांडी ने बताया कि जब अधिवक्ता से कहा कि जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाइन करवाना है तो उन्होंने पांच हजार की मांग की। और कहा की केवल पांच हजार रुपये और कागजात दें । सारा काम हो जायेगा । किन्तु पीड़ित ज्योति मरांडी ने जब अधिवक्ता से कहा कि वह सिर्फ शपथपत्र बनाकर दें बाकी का काम वह खुद ही कर लेगी । इस पर अधिवक्ता ने सरकारी व्यवस्था बताते हुए -कहां दौड़ियेगा, पैसा दे दीजिये बाकी काम होने के बाद कुछ और लगेगा।

बाबूलाल मरांडी की भतीजी ने कहा कि इस तरह से प्रदेश में भ्रष्टाचार हावी है।

शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण आरोपी गिरफ्तार

SERAIKELA : जिले के चांडिल थाना के कपाली ओपी क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर वर्षों तक यौन शोषण करने वाले आरोपित को पुलिस ने शुकवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित की पहचान जमशेदपुर के मानगो चेपा पुल के पास रहने वाले 29 वर्षीय मोहम्मद जहांगीर उर्फ जुगनू के रूप में हुई है। युवती ने 23 अप्रैल को दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया कि मोहम्मद जहांगीर उर्फ जुगनू ने कई वर्षों तक उसे शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। जब युवती ने उससे विवाह की बात की तो आरोपित ने साफ तौर पर इनकार कर दिया और अब वह किसी अन्य लड़की से शादी करने की योजना बना रहा है। कपाली ओपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित मोहम्मद जहांगीर उर्फ जुगनू को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

ड्रॉपआउट बच्चों के लिए 10 मई तक चलेगा विशेष अभियान

AGENCY PALAMU : उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को 'स्कूल रुआर 2025' अभियान का शुभारंभ किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपायुक्त ने अभियान की शुरूआत की। यह अभियान ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है। जो आगामी 10 मई तक चलेगा। उपायुक्त ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, ह्यबचपन में शिक्षा की अनदेखी केवल एक बच्चे का नुकसान नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की क्षति है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। कार्यशाला में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण इकाइयां, गैर-सरकारी

कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपायुक्त शशि रंजन ● फोटोन न्यूज

संगठन, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं और मीडिया प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अभियान के तहत 10 स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उच्च गुणवत्ता वाले प्री-रिकॉर्डेड लेक्चर की शुरूआत की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि आने वाले दो-तीन वर्षों में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र आदर्श केंद्रों के रूप में परिवर्तित किए जाएंगे। बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के लिए 'सीटी बजाओ, स्कूल चलो' अभियान निरंतर चलाया जाएगा। उपायुक्त ने ड्रॉपआउट दर के कारणों को जानने के लिए जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और अन्य पदाधिकारियों से संवाद किया। उपस्थित लोगों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी, प्रवासी मजदूरी, घरेलू कार्यों में बच्चों का लगना और प्रेरणा की कमी को प्रमुख कारण के रूप में बताया।

30 तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले को नहीं मिलेगा राशन

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने शुक्रवार को जिले में खाद्यान्न वितरण की अद्यतन स्थिति एवं खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं में प्रगति की वर्चुअल समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुकों को आगे राशन नहीं मिल पाएगा। इसके साथ ही सोना सोबरन धोती- साड़ी लुंगी योजना के लाभुकों को भी 30 अप्रैल तक लाभ लेने की बात कही गई, अन्यथा उक्त तिथि के पश्चात उन्हें धोती- साड़ी लुंगी नहीं मिल पाएगा। खाद्यान्न वितरण में पोटका, पटमदा, बोड़ाम एवं शहरी क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि अयोग्य लाभुकों तथा पिछले एक वर्ष या छह महीने से राशन

ऑनलाइन बैठक करते डीसी

का उठाव नहीं करने वालों का नाम हटाते हुए शत प्रतिशत योग्य लाभुकों के बीच राशन वितरण करें। छह माह से राशन नहीं उठाने वाले 2147 लाभुकों का नाम हटाया गया है, इसे और गति प्रदान करें। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राहुलजी आनंदजी ने जानकारी दी कि पिछले एक माह में 1627 नया राशन कार्ड निर्गत किया गया वहीं 1800 लाभुकों के नाम जोड़े गए। जनवरी से अब तक अभियान चलाते हुए कुल 7687 कार्ड डिलिट किए गए, जिसमें 19174 लाभुकों का नाम हटाया गया है।

एनईपी कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय, स्नातक सेमेस्टर-4 में होगी यह व्यवस्था

भारतीय लेखकों की कृतियां पढ़ेंगे स्नातक के छात्र

PHOTON NEWS DHANBAD : बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अधीन धनबाद और बोकारो के कालेजों में स्नातक शैक्षणिक सत्र 2025-29 के दौरान नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों को भारतीय लेखकों द्वारा लिखित पाठ्य पुस्तकों को पढ़ने का मौका मिलेगा। यह निर्णय शुक्रवार को नई शिक्षा नीति-2020 को लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर गठित कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में यह माना गया कि विभिन्न विषयों में भारतीय ज्ञान का अपना महत्व है। ऐसे में जरूरी है कि भारतीय ज्ञान के माध्यम से छात्र-छात्राएं पढ़ाई करें। बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में बीबीएमकेयू के एनईपी समन्वयक डॉ. हिमांशु शेखर चौधरी ने बताया कि एनईपी नियमों के तहत क्रेडिट फ्रेमवर्क में

बदलाव किया जा रहा है। इसी को लेकर पाठ्यक्रम निर्माण की प्रक्रिया निर्धारित की जा रही है। बैठक में डीन छात्र कल्याण डॉ. पुष्पा कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों एवं विभागाध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें एनईपी के नए प्रावधानों के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार करने पर चर्चा हुई और निर्णय लिया गया। इसके तहत मेजर पेपर, एसोसिएटेड कोर कोर्स, इलेक्टिव पेपर और एडवांस पपेर पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से यह निर्णय लिया गया कि स्नातक सेमेस्टर चार में पूरा पेपर भारतीय ज्ञान पर आधारित होगा। यह 100 अंक का मेजर पेपर रहेगा, ताकि विभिन्न विषयों में भारतीय ज्ञान को पढ़ाया जा सके। डॉ. चौधरी ने बताया कि स्नातक सेमेस्टर-4 के मेजर पेपर में हर विषय में भारतीय लेखकों की रचनाओं को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाएगा। यह नया पाठ्यक्रम इस साल स्नातक में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं पर लागू हो रहा है। जो पुराना शैक्षणिक सत्र चल रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

गैलेरिया मॉल के फायरिंग मामले में बिल्डर से हुई पूछताछ

DHANBAD : सरायढेला के ओजोन गैलेरिया मॉल में चली गोली के मामले में पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। इस कड़ी में शुक्रवार को बिल्डर चंदन सिंह को सरायढेला थाना बुलाया गया था, जहां थाना प्रभारी नूतन मोदी और पुलिस की तकनीकी टीम के सदस्यों ने पूछताछ की। पूछताछ के दौरान चंदन सिंह के पिस्टल के लाइसेंस से संबंधित कागजातों की भी जांच शुरू की गई है। इसके साथ ही तकनीकी टीम ने पिस्टल जब्ती की कागजी कार्रवाई भी पूरी की। इस संबंध में थाना प्रभारी नूतन मोदी ने बताया कि पिलहाल पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पूरी होने पर ही पूरे मामले से अवगत कराया जा सकता है। सरायढेला थाना में पूछताछ से पहले चंदन सिंह को पहले डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने अपने कार्यालय में बुलाकर घटना की जानकारी

बिल्डर चंदन सिंह

यह हुई थी घटना

गुरुवार की शाम करीब सात बजे ओजोन गैलेरिया के चौथे तल पर स्थित बाथरूम में गोली चलने से गोविंदपुर के लाल बाजार निवासी सुनील कुमार वर्णवाल नामक एक व्यक्ति घायल हो गया था। गोली मनोरम नगर धनबाद के रहने वाले बिल्डर चंदन सिंह के पिस्टल से चली थी। मॉल के बाथरूम और कॉरिडोर से दो कारतूस भी बरामद हुआ था। घटना के बाद चंदन सिंह ने ही सुनील वर्णवाल को असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया था। घटना के बाद से मॉल में अफरातफरी का माहौल बन गया था।

ली, फिर धनबाद थाना में उन्हें बुलाया गया।

BRIEF NEWS

मेन रोड समेत कई इलाकों में आज तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली

RANCHI : राजधानी रांची के मेन रोड, कोकर, चुटिया, कोकर ग्रामीण, कोकर शहरी, नामकुम विकास, खेलगांव और रिम्स के इलाकों में शनिवार को तीन घंटे तक बिजली नहीं रहेगी। यह जानकारी जेवीबीएनएल के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह आठ बजे से सुबह 11 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि जेवीबीएनएल की ओर से शनिवार को 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेबशन, नामकुम के 132 केवी मेन बस की मरम्मति का कार्य किया जाएगा। इसलिए इन इलाकों में तीन घंटों तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। उल्लेखनीय है कि बिजली विभाग समय-समय पर पावर ग्रिड और पावर सब स्टेशनों में जर्जर केबल और अन्य मशीनों की मरम्मति का काम करता है। इससे विभाग की ओर से संबंधित इलाकों में बिजली सेवा को रोकना पडता है।

सांसद ने हुटुप गौशाला के लिए दी गौहाल व बोरिंग की स्वीकृति

RANCHI : एकादशी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को हुटुप गौशाला धाम में राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा पहुंचे। इस अवसर पर प्रदीप वर्मा ने अपने सांसद निधि से गौशाला में एक गौहाल और एक बोरिंग कराने की स्वीकृति दी। इस अवसर पर गौशाला न्यास समिति की ओर से प्रदीप वर्मा के प्रति आभार प्रकट किया गया। उल्लेखनीय है कि हुटुप गौशाला धाम में लाचार और बिना दूध देने वाली गायों को रखा जाता है। ताकि कमजोर और असहाय गौवंश को संरक्षण मिल सके। यह गौशाला ओरमांझी प्रखंड के हुटूप गांव में स्थित है और अपने आप में अद्भुत है। यह गौशाला रांची गौशाला न्यास समिति की तीन इकाइयों में से एक है, जिसमें पहला हरमू रोड गौशाला, दूसरा सुकुरहुटू गौशाला तथा तीसरा ओरमांझी स्थित हुटुप गौशाला हैं। वहीं हुटूप गौशाला पहुंचने पर प्रदीप वर्मा का स्वागत गौशाला के मुकेश काबरा और वासुदेव भाला ने किया।

मंत्री सुदिव्य का बयान अहंकार को दर्शाता है: बाबूलाल

RANCHI : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को आड़े हाथ लिया है। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि झारखंड के मंत्री सुदिव्य का व्यंग्य उनके भीतर कूट कूटकर भरे अहंकार को दशार्ता है। जब पूरा देश और दुनिया पहलगाम हमले को लेकर सदमे में है, ऐसे समय में किसी मंत्री का फूहड़ व्यवहार शर्मनाक है और उनके इस आचरण की जितनी भी निंदा की जाए, कम है। बाबूलाल ने दूसरे पोस्ट में लिखा है कि मनुष्य का असली चरित्र तब सामने आता है, जब वो नशे में होता है। फिर नशा चाहे धन का हो, पद का हो, रूप का हो या शराब का। मेरे इस पोस्ट का पहलगाम घटना के संदर्भ में झारखंड के मंत्री सुदिव्य के बचकाना बयान वाले हरकत से कोई संबंध नहीं है।

इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी से बचाने की हो रही तैयारी

मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, रिम्स की व्यवस्था संभालेंगे हॉस्पिटल मैनेजर

- इमरजेंसी में आने से लेकर वार्डों की व्यवस्था पर रखेंगे नजर
- साफ-सफाई के अलावा जरूरतों का भी रखेंगे हिसाब
- इनडोर में एडमिट होते हैं 1500 से अधिक मरीज

PHOTON NEWS RANCHI : रिम्स में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी हॉस्पिटल मैनेजरों को देने की तैयारी है। इस निर्णय के तहत अब अस्पताल की व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। रिम्स में प्रतिदिन ओपीडी और इमरजेंसी मिलाकर करीब 2500 मरीज आते हैं, वहीं इनडोर वार्ड में प्रतिदिन 1500 से अधिक मरीज भर्ती रहते हैं। इतनी बड़ी संख्या में मरीजों की देखरेख और इलाज की व्यवस्था एक बड़ी चुनौती होती है। से में हॉस्पिटल मैनेजर के आने से जहां मरीजों की परेशानी कम होगी। वहीं परिजनों को भी राहत मिल सकेगी।

जरूरतों का रखेंगे ध्यान

हॉस्पिटल मैनेजर अब न केवल इमरजेंसी विभाग में आने वाले मरीजों की त्वरित व्यवस्था पर नजर रखेंगे, बल्कि वार्डों की साफ-सफाई, बेड की उपलब्धता, दवाओं की आपूर्ति, स्टाफ की उपस्थिति और मरीजों की मूलभूत जरूरतों पर भी ध्यान देंगे। साथ ही मरीजों और उनके परिजनों को हो रही समस्याओं को सुलझाने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। पिछले दिनों रिम्स की जीबी मीटिंग में इस प्रस्ताव को भी सहमति दी गई है। ऐसा माना जा रहा है कि यह कदम अस्पताल की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में कारगर साबित होगा। हॉस्पिटल मैनेजरों की नियुक्ति से अस्पताल के संचालन में पारदर्शिता आएगी। मरीजों को समय पर इलाज, दवाइयां, साफ-सफाई और वार्ड में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

ओपीडी व इमरजेंसी मिलाकर हर दिन आते हैं 2500 मरीज

विभागों के बीच कड़ी का रोल

ओपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर और इनडोर वार्डों के बीच समन्वय बनाना, डॉक्टरों और नर्सों के साथ तालमेल रखने के अलावा जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना हॉस्पिटल मैनेजर की जिम्मेदारी होगी। वे अस्पताल में किसी भी प्रकार की शिकायत को जल्द सुलझाने में भी मदद करेंगे। सभी विभागों के बीच वे कड़ी की तरह काम करेंगे। बता दें कि जीबी मीटिंग में स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि मरीजों को रिम्स में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। ऐसे में मरीजों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

निगरानी से सुधरेगा सिस्टम

हॉस्पिटल में मरीजों को बेड, खाना व दवाएं उपलब्ध कराई जाती है। हॉस्पिटल मैनेजर इन सबकी निगरानी करेंगे। वहीं समय-समय पर सीनियर अधिकारियों को अपडेट भी करेंगे। जिससे कि हॉस्पिटल की व्यवस्था सुधारने में मदद मिलेगी। नियमित रूप से निरीक्षण और व्यवस्थाओं की निगरानी से काम करने वाले कर्मियों में भी थोड़ा भय बना रहेगा। ऐसे में वे अपना काम बेहतर ढंग से करेंगे। मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने की दिशा में यह कदम एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। उम्मीद जती जा रही है कि इससे अस्पताल में अव्यवस्था, शिकायतें और इंतजार की लंबी कतारें कम होंगी।

सरकारी अस्पतालों में कर्मियों की नहीं होगी कमी : अपर मुख्य सचिव

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुचारु बनाया जाएगा। इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सिविल सर्जनों और अस्पताल उपाधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें सदर अस्पतालों सहित राज्य के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की संचालन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि वे शीघ्र ही अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा कर्मियों की कमी को पूरा करें। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन हेतु मार्गदर्शिका (संकल्प संख्या 58/21, दिनांक 11.04.2025) के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर विभागीय अधिकारी ललित मोहन शुक्ला, विद्यानंद शर्मा पंकज समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मेडिकल उपकरण व मशीनें हों उपलब्ध

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अस्पतालों में आवश्यक मेडिकल उपकरण और मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए यदि अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो, तो संबंधित जिला विभाग को स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध करना चाहिए। साथ ही कहा कि सभी सदर अस्पतालों के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) को मॉड्यूलर ओटी में बदला जाए, जिससे मरीजों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की प्रगति, बीते छह माह में किए गए नवाचार और आगामी तीन महीनों की योजनाओं की भी समीक्षा की।

विशेषज्ञ डॉक्टरों का तैयार करें पैनल

सभी जिलों को इस माह के अंत तक विशेषज्ञ एवं अति-विशेषज्ञ डॉक्टरों का पैनल तैयार करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों एवं उपकेंद्रों की मरम्मत, रंगाई-पुताई के अलावा रखरखाव कार्यों को मुख्यमंत्री रखरखाव योजना के तहत जल्द पूरा करने को कहा और कार्यों की तस्वीरें विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

मुस्लिम समाज ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए निकाला कैंडल मार्च

PHOTON NEWS RANCHI : मुस्लिम समाज के लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को मस्जिद जाफरिया से लेकर अलबर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी कर रहे थे। इनके साथ विभिन्न मुस्लिम संगठनो के ओहदेदार शामिल थे। लोगों ने हाथों में तख्ती और मोमबत्ती लेकर मार्च किया। कैंडल मार्च में लोगों ने कहा कि हमारे लिए देश पहले है धर्म बाद में आता है। आतंकवादियों ने जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों की हत्या की है वह इंसानियत के खिलाफ है। मौलाना तहजीबुल हसन ने कहा कि भारत हिंदू-

मुस्लिम एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने धर्म के नाम पर यह काम किया वह इंसान नहीं हैवान हैं। एक संवर में लोगों ने कहा कि आतंकवादियों को मौत की सजा दी जाए, उन्हें खोजकर सजा मिलनी चाहिए। भारत का मसलमान पहले हिंदुस्तानी है, फिर मुसलमान है। उन्होंने इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि, जिस प्रकार से हमले की वीडियो और रोते बिलखते उन बच्चों और महिलाओं की जो वीडियो सामने आई है उसे देखकर उनकी रूह भी कांप गई।

वक्फ एक्ट 2025 किसी भी हाल में मंजूर नहीं : जाकिर अंसारी

RANCHI : वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ मुस्लिम समाज के लोगों ने नेशनल मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची जिला अध्यक्ष-सह-वरिष्ठ समाजसेवी जाकिर अंसारी के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध-प्रदर्शन किया। जाकिर अंसारी ने कहा कि संविधान के दायरे में रहकर हम आखरी दम तक इस काले कानून का विरोध करते हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को ओरमांझी क्षेत्र के नेवरी गोल चक्कर से मंदरा मुंडा रिंग रोड तक कई दर्जनों गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने मानव श्रृंखला बनाकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन किया।

सदर अस्पताल से निकली जागरूकता रैली, मलेरिया से बचाव का दिया गया संदेश

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल की ओर से मलेरिया से बचाव और उसकी रोकथाम के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शाहिद करीम, स्वास्थ्यकर्मी के अलावा एएनएम स्कूल की स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में शामिल हुईं। रैली का उद्देश्य आम जन को मलेरिया से सुरक्षा एवं उसके बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम मलेरिया का अंत हमारे साथः पुनर्निर्देश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन रखा गया है, जो जनभागीदारी के माध्यम से इस रोग के उन्मूलन की दिशा में एक सशक्त संदेश देता है।

सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपाय

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया से बचाव हेतु कई प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं। जिनमें कीटनाशक युक्त मच्छरदानी का वितरण, चयनित क्षेत्रों में कीटनाशकों का छिड़काव, मास फीवर सर्वे तथा जन जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सभी सरकारी विद्यालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

लंबे समय के बाद बना बलसोकरा का खराब ट्रांसफार्मर, लोगों में खुशी

RANCHI : विगत कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बलसोकरा वासियों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने अलग-अलग माध्यमों से ट्रांसफार्मर ठीक कर लगवाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन, तमाम प्रयासों के बावजूद गांव में बिजली की समस्या दूर नहीं हो रही थी। बलसोकरा ग्राम वासियों द्वारा बिजली समस्या की जानकारी जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम को दी। आदिल ने रात में ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर के तत्काल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने को कहा और ट्रांसफार्मर लग गया।

झारखंड मुस्लिम युवा मंच ने किया आतंकवाद का पुतला दहन

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को झारखंड मुस्लिम युवा मंच एवं सामाजिक कार्यकताओं ने रांची के रतन टॉकीज चौक पर कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आतंकवाद का पुतला दहन किया। लोगों ने कहा कि इस हमले में कई निर्दोष लोगों की मौत हुई और दर्जनों घायल हुए। मुस्लिम समाज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारत की एकता और भाईचारे को तोड़ने की साजिश बताया। युवाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा कि अब बर्दाश्त करने का वक्त नहीं, बल्कि पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक का समय है। युवाओं ने मांग की कि उन्हें इजाजत दी जाए, ताकि मुस्लिम रेजिमेंट बनाकर पाकिस्तान पर चढ़ाई की जा सके। मौके पर समीम अली, इमरान राजा अंसारी, डॉ. दानिश, अफरोज खान, साजिद उमर सहित कई अन्य मौजूद थे।

हम अपने मुल्क की हिफाजत के लिए हमेशा खड़े रहेंगे : शिबली कादरी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा जैप 1 मे स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद के बाहर जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के इमाम खतीब जनाब सैय्यद शाह अलकमा शिबली कादरी साहब ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि दर्शातगर्दो द्वारा पर्यटकों पर कायराना हमले की हम कड़ी मजम्मत करते हैं। इस्लाम में दहशतगर्दों के लिए कोई जगह नहीं है। इस्लाम में अपने और पराए सभी से मुहब्बत की बाते बताई गई है। हम हिंदुस्तान में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि अमन और शांति बनाए रखें। किसी के बहकावे में न आएं। आपसी सौहार्द और मोहब्बत हमेशा कायम रहे। हम सभी अपने मुल्क की हिफाजत के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता बब्बर, नवाब चिश्ती, मो बिलाल, मो. शाहनवाज आदि मौजूद थे।

सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप बनाने का काम शुरू, बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का काम शुक्रवार को शुरू कर दिया गया है। बड़ी संख्या में एलएंडटी के वर्कर रैंप निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। रैंप निर्माण कार्य का विगत दिनों विरोध देखते हुए स्थानीय प्रशासन की सहायता ली जा रही है। सिरमटोली चौक पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। सिटी एसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर व कई डीएसपी थानेदार मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर रात जैसे ही कंस्ट्रक्शन कंपनी के जरिये रैंप निर्माण का काम शुरू किया गया, निर्माण का विरोध करने के लिए देर रात कई लोग सिरम टोली पहुंच गए। इस दौरान पूरे सिरम टोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील करना पड़ा। आधी रात तक रैंप का विरोध कर रहे लोगों के साथ रांची पुलिस जूझती रही। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। आदिवासी संगठन के विरोध को देखते हुए पूरे सिरमटोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। आनन -फानन में रांची के सिटी एसपी, डीएसपी सहित कई थानेदार मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस और रैंप विरोधी लोगों के बीच जमकर कहासुनी हुई। डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद के साथ विरोध कर रही कई महिलाओं ने धक्का-मुक्की की। आदिवासी संगठनों का आरोप है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से आदिवासियों को धोखा दिया जा रहा है।

सिरमटोली चौक पर तैनात पुलिस बल ● फोटोन न्यूज

कस्तूरबा गांधी व झारखंड बालिका विद्यालयों में नामांकन का रास्ता साफ

चालू सत्र में चयनित छात्राओं का ही किया जाएगा एडमिशन

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को रांची के समाहरणालय में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई है। इसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से 9 तक के नामांकन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक में चर्चा की गई। बैठक में छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया, विद्यालयों की आधारभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में सांसद व विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, सभी बीईईओ, वार्डन तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व अन्य ● फोटोन न्यूज

इतने बच्चों के नामांकन की स्वीकृति : बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षा 6 के लिए 950, कक्षा 7 के लिए 34, कक्षा 8 के लिए 65 और कक्षा 9 के लिए 87 नामांकनों की स्वीकृति दी गई। वहीं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 में 250, कक्षा 7 में 17, कक्षा 8 में 4 और कक्षा 9 में 6 नामांकन की मंजूरी दी गई।

सर्वसम्मति से की गई अनुशंसा

उपायुक्त ने छात्राओं के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी चयन आधारों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रक्रिया नियमानुसार एवं निष्पक्ष रूप से पूरी की जाए। बैठक में समिति द्वारा चयनित छात्राओं की अनुशंसा सर्वसम्मति से की गई। उपायुक्त ने बालिका विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का विद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। छात्रावासों की चारदीवारी कराई जाए तथा समय-समय पर मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन भी सुनिश्चित हो।

अर्धनग्न अवस्था में युवक का शव बरामद

RANCHI : पुलिस ने रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित लदनापीढी स्कूल के समीप से शुक्रवार को एक युवक का अर्धनग्न अवस्था में शव पेड़ से लटकता हुआ बरामद किया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। स्थानीय लोगों आशंका जता रहे है कि हत्या कर आत्महत्या का रुप देने की कोशिश की गई है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पेड़ से लटका हुआ अर्धनग्न अवस्था में एक युवक का शव बरामद हुआ है। आसपास के लोगों से पहचान करने पर किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं की। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

एस्कॉट इंटरनेशनल में इंटर डिस्ट्रिक्ट स्कूल कैरम टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

PHOTON NEWS RANCHI : भारत माता चौक स्थित एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में जिला कैरम एसोसिएशन के तत्वावधान में इंटर स्कूल कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट की मेजबानी एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल ने की। प्रतियोगिता में डीएवी गांधीनगर, जेवीएम श्यामली, कैब्रियन पब्लिक स्कूल, क्लूनी कान्वेंट, लाला लाजपत राय स्कूल और एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। अंडर-18 गर्ल्स कैटेगरी में अरुणा क्रिसली मिंडा प्रथम, कुमारी पायल द्वितीय और सांभवी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-18 बॉयज में नैतिक कुमार, आयुष कुमार और आयुष राज विजेता रहे। वहीं अंडर-14 बॉयज में आदित्य उरांव, ऋषभ राज और अभिनव राज तथा

अंडर-14 गर्ल्स में जेसिका यादव, अराध्या सिन्हा और साक्षी कुमारी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल शादान आलम ने कहा कि इंडोर गेम्स मानसिक और शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं। डायरेक्टर कुणाल कश्यप ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर कुणाल कश्यप, सेक्रेटरी अनुज हेंब्रम, हिमांशु दुबे, मुख्य अतिथि राकेश कुमार डे, सुभाशीष चटर्जी और अशोक कुमार डे उपस्थित रहे।

समाचार सार

पहलगाम में मृत लोगों के लिए पंडितों ने किया गीता पाठ

JAMSHEDPUR : कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को मारे गए हिंदू सैलानियों के लिए शहर के पुरोहितों ने गीता पाठ किया। धर्म रक्षिणी पौरोहित्य महासंघ की ओर से साकची स्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर आनंदेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में सबसे पहले निरपराध हिंदू आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके साथ ही साथ सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों के आचार्य-पुरोहित शामिल हुए। गीतापाठ का श्रीगणेश सामूहिक शांति पाठ से प्रारंभ हुआ। महासंघ के अध्यक्ष पं. विपिन कुमार झा ने अपने संवोधन में कहा कि पौरोहित्य महासंघ ने संकल्प लिया है कि अब से विश्व का कल्याण हो की कामना जरूर करेंगे, लेकिन पाकिस्तान को छोड़कर। सामुहिक गीता पाठ में पं. शिव प्रसन्न पांडेय, पं. राजू मुखर्जी, पं. सचिन, पं. मुन्ना पांडेय, पं. रुपेश बनर्जी, पं. ब्रजकिशोर शास्त्री, पं. रुपेश बनर्जी, पं. संजय उपाध्याय, पं. भरत उपाध्याय, पं. संतोष पांडेय, पं. शंकर मिश्रा, पं. परशुराम पांडेय, पं. मदन कुमार झा, पं. चंद्रमौलेश्वर झा, पं. आनन्द मिश्रा, पं. संदीप शर्मा, पं. रमेश पांडेय, पं. चंद्रकांत झा आदि शामिल थे।

मजदूर नेता कमल सोरेन की मनाई गई पुण्यतिथि

GHATSILA : मजदूर नेता कामरेड कमल सोरेन की 21वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मऊभंडार स्थित आवास पर मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा कि कमल बाबू आईसीसी वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष व धालभूम ठेकेदार वर्कर्स यूनियन के महासचिव थे। वे क्षेत्र के क्रांतिकारी मजदूर नेता के रूप में जाने जाते थे। मजदूर के हक के लिए 12 वर्षों तक मऊभंडार कारखाना से निलंबित रहे। न्यूनतम मजदूरी के लिए क्षेत्र में विशाल आंदोलन किया था। आज उनकी पुत्री कल्पना सोरेन उनकी धरोहर को संभाल रही हैं। इस अवसर पर मुखिया कल्पना सोरेन, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा सोरेन, काजल डॉन, सागर पाणि, गोपाल महतो, विकास मजूमदार, प्रताप दास, आजाद बेहरा, कृष्णा मुखी, सब्यसाची चौधरी, राजेश्वरी करुवा, कंचन करुवा, सीता मुखी आदि भी उपस्थित थीं।

कारखानों में सेफ्टी एंड सस्टेनेबिलिटी पर हुआ मंथन

JAMSHEDPUR : सीआईआई, झारखंड ने शुक्रवार को सेफ्टी एंड सस्टेनेबिलिटी पर कार्यशाला आयोजित की। बिष्टुपुर स्थित रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में हुई कार्यशाला का उद्देश्य पांच प्रमुख सेफ्टी रिस्क को संबोधित करके और विभिन्न क्षेत्रों में सस्टेनेबिलिटी 4.0 के व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन करके औद्योगिक प्रथाओं को मजबूत करना था। इसने प्रतिभागियों को सेफ्टी प्रदर्शन को बढ़ाने, सतत विकास को बढ़ावा देने और वैश्विक मानकों के साथ संरेखित करने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों की पेशकश की। कार्यक्रम ने यह पता लगाने के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य किया कि कैसे डिजिटल इनोवेशन और एक्टिव रिस्क मैनेजमेंट दीर्घकालिक परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं। सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष और हाईको इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक तापस साहू ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान सीआईआई झारखंड सेफ्टी पैनल के संयोजक और टाटा स्टील लिमिटेड के सेफ्टी चीफ नीरज कुमार सिन्हा, सीआईआई जमशेदपुर जोनल काउंसिल के अध्यक्ष और जमशेदपुर कंटीन्यूअस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिजीत ए नानोती ने अपने विचार साझा किए।

रविवार को खुली रहेगी टाटा कमिंस

JAMSHEDPUR : टाटा कमिंस में साप्ताहिक अवकाश रविवार के दिन कामकाज होगा। इस सबंध में प्लांट हेड अभिजीत मोंगा के हस्ताक्षर से सर्कुलर जारी कर दिया गया है। वहीं रविवार के बदले मिलने वाली छुट्टी बाद में घोषित की जाएगी।

कल रद्द रहेंगी 4 ट्रेनें

JAMSHEDPUR : टाटानगर से होकर चलने वाली हटिया-टाटा मेमू , झारखंड-धनबाद-झारखंड मेमू, टाटानगर-आसनसोल-टाटा मेमू 27 अप्रैल को रद्द रहेगी। वहीं 28 अप्रैल को टाटा-हटिया मेमू रद्द रहेगी। इन ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को परेशानी होगी।

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के चुनाव में डटे 5 प्रत्याशी

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के फाउंड्री डिविजन में रिक्त हुए कमेटी मेंबर की एक सीट पर शुक्रवार को नाम वापसी का दिन था। नामांकन करने वाले 5 उम्मीदवारों अतरेश कुमार कपाही, अरविंद कुमार तिवारी, अमृत, नीरज कुमार झा व अजय कुमार में से किसी ने भी नाम वापस नहीं लिया। ऐसे में अब मुकाबला पांचों उम्मीदवारों के बीच होगा। शनिवार को चुनाव में मतपत्र पर क्रम संख्या का निर्धारण होगा। वहीं प्रत्याशियों को सीरियल नंबर पता चल जाएगा। इसके बाद 28 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के बाद शाम 5 बजे से मतगणना और निर्वाचित सदस्यों के नामों की घोषणा होगी। इस सीट पर कुल 138 कर्मचारी मतदान करेंगे।

सुबह घना कोहरा, तो दोपहर में प्रचंड धूप

ठंडी सतह पर नम हवा पड़ने से बनता है कोहरा

RAJESH CHOUBEY @ GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड में मौसम का मिजाज अजीब तरीके से दिख रहा है। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि सुबह में घना कोहरा छाया रहा। सुबह के समय धुंध के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई और चालक हेडलाइट जलाकर वाहन चलाते देखे गए। हालांकि धूप निकलने के बाद कोहरा छंट गया। सुबह 10 बजे के बाद तो तेज गर्मी महसूस होने लगी। मौसम विभाग के अनुसार, यह गर्मी और उमस भरा मौसम अगले दो चार दिन तक बना रह सकता है, इसलिए सावधानी बरतना अति आवश्यक है। दिन में तो तेज गर्मी के कारण लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी है।

सुबह-सुबह सड़क पर दिख रहा कोहरा ● फोटोन न्यूज

अनुमंडल अस्पताल और निजी क्लिनिक में इलाज के लिए भीड़ बढ़ने लगी है। विशेषकर बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरएन सोरेन ने बताया कि अभी बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है।

दारीसाई अनुसंधान केंद्र, मौसम विभाग के पूर्व टेक्नीशियन विनोद कुमार ने बताया कि गर्मी के दिनों में सुबह कोहरा छाया रहना कोई नई बात नहीं है। गर्मी के दिनों में कोहरा छाए रहने का मुख्य कारण गर्म व नम हवा का ठंडी सतह से संपर्क होना है। यह हवा ठंडी होकर संघनित हो जाती है, जिससे कोहरा बनता है। कोहरे के लिए नम हवा का होना जरूरी है। यह हवा में नमी की मात्रा को दशार्ती है, जो हवा में जलवाष्प के रूप में होती है। जब गर्म और नम हवा ठंडी सतह, जैसे ही पानी या जमीन के ऊपर से गुजरती है, तो हवा ठंडी होने लगती है, तब कोहरा बनता है।

220 सीएफटी बालू सहित जब्त किए गए 3 वाहन

JAMSHEDPUR : उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी के बागुनहातु में बिहारी घाट पर खनन टास्क फोर्स ने औचक छापेमारी की। इस दौरान बालू लदे तीन वाहन समेत 220 सीएफटी बालू जब्त किए गए। डीएमओ ने बताया कि इन वाहनों में लदे बालू का कोई ई-परिवहन चालान नहीं पाया गया। अब अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों के मालिकों व चालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

टाटानगर में पकड़ाया दिल्ली का शातिर चोर

देशभर की ट्रेनों में करता था चोरी, 15 बार जा चुका जेल

PHOTON NEWS JSR : टाटानगर रेल पुलिस ने चोरी के मामले में एक चोर को पकड़ा है, जो दिल्ली का रहने वाला है। उसके पास से फर्जी आधार कार्ड, यात्रियों को बेहोश करने वाली दवा और चोरी की मोबाइल जब्त की गई है। युवक का नाम अजमेर ऊर्फ कालिया (37 वर्ष) है। आरोपी दिल्ली के सुल्तानपुरी के शनि बाजार रोड का रहने वाला है। अजमेर ट्रेनों में यात्रियों को शिकार बनाता था, वह लगातार मोबाइल फोन की चोरी करता था। इसके अलावा लोगों को बेहोश करके चोरी की घटना को अंजाम देता था। पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी।

पुलिस गिरफ्त में चोर

- यात्रियों को बेहोश करके लूट लेता था सामान
- महंगे मोबाइल फोन की करता था चोरी, सीसीटीवी फुटेज से धराया

टाटानगर रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी में उसे संदिग्ध हरकत करते पाया गया था। इसके बाद आरपीएफ ने उसे पकड़ा और पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि वह देश के कई हिस्सों में 15 से ज्यादा बार जेल भेजा जा चुका है। वह ट्रेनों में घूम-घूमकर इसी तरह यात्रियों के सामानों की चोरी करता था।

चेन स्नैचिंग की कोशिश करते एक पकड़ाया, साथी हुआ फरार

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम के कदमा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दो युवकों ने एक महिला के गले से चेन छीनने की कोशिश की। हालांकि उनकी यह कोशिश नाकाम रही। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उनमें से एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी स्कूटी छोड़ कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पकड़े गए युवक की जमकर पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से स्कूटी को जब्त कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों आरोपी स्कूटी पर सवार होकर आए थे और ब्रह्मर्षि समाज आश्रम के पास एक महिला के गले की चेन छीनने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग सक्रिय हो गए और दौड़ाकर एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार घायल आरोपी का एमजीएम अस्पताल में इलाज कराकर उससे पूछताछ की जा रही है।

घटनास्थल पर भीड़ व गिरफ्त में आरोपी

दिशा की बैठक को संबोधित करतीं सांसद जोबा मांझी ● फोटोन न्यूज

हर घर नल से जल पहुंचाने का शत-प्रतिशत करेंगे कार्य : सांसद

- जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम के जिला समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति(दिशा) की बैठक हुई। इसमें सांसद जोबा मांझी ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी मांगी कि अब तक जिले के कितने घरों में नल से जल पहुचाया जा चुका है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में खराब पड़े हैंडपंप को चिह्नित करते हुए उसकी मरम्मत शीघ्र कराएं। इस बैठक में जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित विकास व जनकल्याण की योजनाओं के अद्यतन प्रतिवेदन का संलग्न जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता की उपस्थिति में बिंदुबार समीक्षा कर योजना तहत अधिकाधिक जनों को आच्छादित करने के तदर्थ बैठक में प्राप्त विभिन्न सुझावों पर विस्तार पूर्वक चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरूवा की मौजूदगी एवं अध्यक्ष-दिशा -सह- सांसद जोबा मांझी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मझगांव के विधायक निरल पुरती, खरसावां के विधायक दशरथ गागराई, चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकु, व मनोहरपुर के विधायक जगत माझी भी उपस्थित थे।

बिष्टुपुर में नाट्य कार्यशाला के प्रशिक्षु व अतिथि ● फोटोन न्यूज

भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष को कलाकार करेंगे जीवंत

JAMSHEDPUR : सांस्कृतिक कार्य निदेशालय तथा पथ (पीपुल्स एसोसिएशन फॉर थियेटर) के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय निःशुल्क नाट्य कार्यशाला उत्साहपूर्वक बढ़ रही है। कार्यशाला में भाग ले रहे युवा कलाकारों को न केवल अभिनय के विविध पहलुओं की बारीकियां सिखाई जा रही हैं, बल्कि रंगमंच के तकनीकी पक्षों से भी परिचित कराया जा रहा है। कार्यशाला के 12वें दिन दो सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को रंगमंच की व्यावहारिक समझ और उसके सौंदर्यशास्त्र से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। दूसरे सत्र में मो. निजाम ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित एक नाट्य रचना का गहन पाठ और विश्लेषण किया। पहले सत्र में शहर के प्रख्यात रंगकर्मी विजय शर्मा ने किया। अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि एक सफल रंगकर्मी केवल अभिनय तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसमें विषयवस्तु की गहराई को समझने, मंचीय तकनीक, भाव-भंगिमा, आवाज के उतार-चढ़ाव, शरीर की भाषा और समूचे प्रदर्शन को समग्र रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता होनी चाहिए।

बैक टू स्कूल कैंपेन का शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

दिल्ली में प्रतिभा दिखाने वाली केजीबीवी पटमदा के बैंड को किया गया सम्मानित

PHOTON NEWS JSR : सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में शुक्रवार को जिलास्तरीय बैक टू स्कूल कैंपेन का उद्घाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया। इस मौके पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, उपायुक्त अनन्य मित्तल व अन्य अतिथियों ने अभियान का दीप प्रज्वलित किया। सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के ड्रॉपआउट को कम करने के उद्देश्य से 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों की विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति, नामांकन, ठहराव, उच्च कक्षाओं में ट्रांजिशन को लेकर 10 मई तक यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय, सभी बीडीओ व अन्य उपस्थित रहे। इस मौके पर गणतंत्र दिवस 2025 के राष्ट्रीय समारोह में बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली केजीबीवी पटमदा की छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। वहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जिन बच्चों का नामांकन इस वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ, उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जागरूकता रथ को रवाना करते मंत्री रामदास सोरेन ● फोटोन न्यूज

राज्य को पूर्ण साक्षर बनाने की सोच : रामदास सोरेन

मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रामदास सोरेन ने कहा कि स्कूल रूआर -25 अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है। नामांकन से वंचित अथवा ड्रॉपआउट बच्चों को पुन: स्कूल तक लाने के लिए सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। अभियान की सफलता में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी समेत बुद्धिजीवी, ग्रामीण सभी वर्गों की भूमिका अहम होगी।

सिदगोड़ा के बिरसा मुंडा टाउन हॉल में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल, माचा-पटमदा की प्रधानाध्यापक प्रियंका झा की पुस्तक का विमोचन करते शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विधायक पूर्णिमा साहू, जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू व डीसी अनन्य मित्तल।

यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश

मार्च में 30 सड़क दुर्घटनाओं ने ले ली 22 लोगों की जान

PHOTON NEWS JSR : समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक हुई। इसमें बताया गया कि मार्च में 30 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 22 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

वल्नरेबल एक्सीडेंटल प्वाइंट्स एवं सड़कों के कर्व (घुमावदार सड़क) स्थलों को चिह्नित करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार करने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट व यातायात नियमों के अन्य प्रकार के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में यातायात सुरक्षा नियमों का अनुपालन कराने पर बल दिया गया। जिला के वरीय पदाधिकारियों ने सड़क का अतिक्रमण अथवा अवैध पार्किंग पर ठोस कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। यातायात नियमों की अवहेलना पर जुमार्ना वसूलने का निर्देश दिया गया। वहीं ब्लैक स्पॉट अथवा दुर्घटना संभावित स्थलों पर साइनेज लगाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

समाहरणालय सभागार में बैठक में एडीसी भगीरथ प्रसाद, एसडीओ शताब्दी मजूमदार व अन्य ● फोटोन न्यूज

सड़क हादसों को कम करने पर हुई चर्चा

बैठक में एडीसी भगीरथ प्रसाद, धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, डीटीओ धनंजय, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल दीपक सहाय समेत संबंधित विभागीय पदाधिकारी शामिल थे। इन्होंने सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर चर्चा की।

533 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड, 31 लाख रुपये वसूला गया जुर्माना

मार्च में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 533 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत यातायात नियमों के उल्लंघन के अन्य मामलों में 31 लाख 51 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। 2055 नया ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया, जिनमें 1762 पुरुष एवं 293 महिलाएं हैं।

मायुमं स्टील सिटी का 'चलित अमृतधारा' अभियान शुरू

JAMSHEDPUR : भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी शाखा द्वारा 'चलित अमृतधारा' सेवा अभियान की शुरूआत की गई। इसका उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने किया। अभियान के तहत मोबाइल पेयजल वाहन के माध्यम से राह चलते लोगों को ठंडा और स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा। शहर के प्रमुख स्थलों पर 10 जलसेवा स्टैंड भी लगाए गए हैं, जो प्रतिदिन हजारों लोगों को निःशुल्क जल सेवा प्रदान करेंगे। इस दौरान शाखा अध्यक्ष अनंत मोहनका, सचिव कौशिक चौधरी, उपाध्यक्ष अंकुर मोदी, संयुक्त सचिव ऋषव चेतानी, पूर्व अध्यक्ष अजय चेतानी, विष्णु गोयल, सार्थक अग्रवाल, मोहित मूनका, प्रवीण अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, शुभम अग्रवाल, मनीष चौधरी आदि उपस्थित थे।

टीचर नीड असेसमेंट (टीएनए) परीक्षा में शामिल हुए शिक्षक

ऑनलाइन परीक्षा देते शिक्षक ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : मारवाड़ी हिंदी प्लस टू स्कूल घाटशिला प्रखंड के फूलडुंगरी में शुक्रवार को टीचर नीड असेसमेंट (टीएनए) परीक्षा हुई, जिसमें घाटशिला प्रखंड के 70 शिक्षक शामिल हुए। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक पाली में संपन्न हुई। सभी शिक्षकों ने मोबाइल या टैब के जरिए ऑनलाइन परीक्षा दी। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित इस परीक्षा में मोबाइल से सेंटा एप के जरिए प्रखंड के प्राइमरी, मिडिल, हाई और प्लस टू के कुल 383 शिक्षकों की परीक्षा होनी है। परीक्षा 24 अप्रैल से 29 अप्रैल तक इसी केंद्र में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रखंड के सभी शिक्षक अपने बारी के अनुरूप शामिल हो कर परीक्षा देंगे। सरकार द्वारा शिक्षकों के स्तर के मूल्यांकन के लिए हर 6 माह में अगले 5 वर्ष तक इस तरह की परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 100 प्रश्न के लिए 200 अंक निर्धारित हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए केंद्र में वीक्षक के रूप के प्रखंड शिक्षा विभाग के बीपीओ मुरली मोहन मुंडा, बीआरपी संजीत मुंडा, सीआरपी पिनु सरकार, विश्वजीत बारीक, नसीमा बानो आदि तैनात थे।

BRIEF NEWS

बेतिया के मझवलिया में बोरे में बंद मिला महिला का शव

BETTIAH : बेतिया पुलिस जिला के मझौलिया थानाब इलाका के रागी टोला में एक महिला की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मृतका चंपा देवी है, जो महज एक दिन पहले ही अपने मायके से ससुराल लौटी थीं। शुक्रवार की सुबह नहर किनारे एक बोरे में उसका शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, चंपा देवी के ससुराल लौटने के बाद अचानक वह लापता हो गईं। परिजन को जब सूचना मिली तो उन्होंने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार, उन्होंने रात में 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

मकई के खेत में मिला युवती का शव

ARARIA : अररिया नगर थाना क्षेत्र के बांसवाड़ी गांव में मकई के खेत में एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान बांसवाड़ी गांव के वार्ड संख्या नौ निवासी 18 वषीर्या रेहाना पिता मो. अबुबकर के रूप में की गई है। शव आज शाम करीबन साढ़े चार बजे मकई के खेत में मिला। रेहाना सुबह से ही घर से गायब थी। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। जिसके बाद शाम को मकई के खेत में युवती के शव को स्थानीय लोगों ने देखकर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भिजवाया।
पोस्टमार्टम के बाद नगर थाना पुलिस ने शव को परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

दहेज के लिए विवाहिता की हत्या मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

ARARIA : अररिया आरएस थाना क्षेत्र के हडियाबारा वार्ड संख्या 10 में कल गुरुवार को 20 वषीर्या विवाहित महिला हमीदा की हत्या दहेज के लिए गला दबाकर कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर आरोपी पति 23 वर्षीय अली हसन पिता सबूल को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी एसपी अंजनी कुमार ने शुक्रवार को दी।एसपी ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों द्वारा हमीदा की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में आरएस थाना में काण्ड संख्या-69/25 दिनांक 24.04.25 धारा-80 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दर्ज किया गया था।एसपी ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का बड़ा फैसला

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 सहित 34 एजेंडों पर लगी मुहर

AGENCY PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। मौखिक सहमति के आधार पर पूर्व में किए गए बदलैन को भी अब आधार माना जायेगा। इसके लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 की स्वीकृति के साथ कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगाई है।
बिहार कैबिनेट ने आज 25 अप्रैल की बैठक में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 की स्वीकृति दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के एजेंडा में बताया गया है कि बिहार में रैयती एवं अन्य प्रकार की भूमि का नया अधिकार अभिलेख (खतियान) एवं भू मानचित्र (नक्शा) निर्मित किया जा रहा है। भूमि के सर्वेक्षण एवं बंदोबस्ती के क्रम में यह महसूस किया गया है कि सर्वेक्षण में 100 फीसदी शुद्धता, पारदर्शिता एवं गतिशीलता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2012 के अंतर्गत खानापूरी दल को अन्य तथ्यों के साथ-साथ मौखिक सहमति के आधार पर पूर्व से क्रियान्वित बदलैन को भी आधार मानने संबंधी प्रावधान किया जाना उचित है। ऐसे में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2025 की स्वीकृति दी जाती है।

फइल फोटो

नीतीश कैबिनेट की बैठक मे पर्यटन विभाग के अंतर्गत में मां सीता का मंदिर से जुड़ा महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। सीतामढ़ी जिले में अवस्थित मां सीता की जन्मस्थली, पुनौराधाम के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के अनुरूप समग्र विकास हेतु डिजाईन कन्सलटेंट के रूप में मेसर्स डिजाईन एसोसिएट्स इन्कॉरपोरेटेड, नोएडा का मनोनयन के आधार पर चयन किये जाने की स्वीकृति कैबिनेट ने प्रदान की है। बैठक में कई विभागों में सरकार ने नए पद सृजित किए हैं। नगर विकास विभाग में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के सुचारू रूप से संचालन के लिए 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इस पर प्रतिवर्ष 35 करोड़ 27 लाख 48 344 रू खर्च होंगे।

नीतीश कैबिनेट के मंत्रियों को सौंपा गया जिलों का प्रभार

PATNA : *मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को जिला का प्रभारी मंत्री बनाया है। जिसमें उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को पटना, वहीं दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को मुजफ्फरपुर का प्रभारी मंत्री बनाया है। इस संबंध में मंत्रिमंडलीय सचिवालय की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। भाजपा कोटे के जिन मंत्रियों के पास अभी तक दो जिलों का प्रभार था, उनसे एक जिला ले लिया गया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पटना जिले के प्रभारी मंत्री बने रहेंगे। वहीं दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिंह दो जिला भोजपुर और मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री थे ।अब सिर्फ मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री रहेंगे। जदयू कोटे के तीन मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी और श्रवण कुमार दो दो जिला के प्रभारी मंत्री बने रहेंगे।*

किस मंत्री को मिला किन जिलों का प्रभार

- सम्राट चौधरी - पटना
- विजय कुमार सिन्हा - मुजफ्फरपुर
- विजय कुमार चौधरी - पूर्णिया, नालंदा
- बिजेन्द्र प्रसाद यादव - वैशाली
- डॉ. प्रेम कुमार - कैमूर
- श्रवण कुमार - समस्तीपुर, मधेपुरा
- संतोष कुमार सुमन - औरंगाबाद
- सुमित कुमार सिंह - सारण
- रेणु देवी - सिवान
- मंगल पाण्डे - दरभंगा
- नीरज कुमार सिंह - कटिहार
- अशोक चौधरी - सीतामढ़ी, जहानाबाद
- लेशी सिंह - मधुबनी
- मदन सहनी - सुपौल
- नीतीश मिश्रा - अररिया
- नीतीन नवीन - बक्सर
- महेश्वर हजारी - खगड़िया
- शीला कुमारी - लखीसराय
- सुनील कुमार - पूर्वी चंपारण
- जनक राम - पश्चिम चंपारण
- हरी सहनी - अरवल
- कृष्णनंदन पासवान - गोपालगंज
- जयंत राज - रोहतास
- मो. जमा खान - किशनगंज
- रत्नेश सादा - जमुई
- केदार प्रसाद गुप्ता - भोजपुर
- सुरेन्द्र मेहता - बांका
- संतोष कुमार सिंह - भागलपुर
- संजय सरावगी - बेगूसराय
- डॉ. सुनील कुमार - गया
- जिवेश कुमार - नवादा
- राजू कुमार सिंह - शेखपुरा
- मोती लाल प्रसाद - शिवहर
- विजय कुमार गंडल - सहरसा
- कृष्ण कुमार मंटू - मुंगेर

दीक्षांत समारोह में शामिल हुए कुलाधिपति, छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और स्मृति पदक देकर किया सम्मानित

AGENCY BHAGALPUR : तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के 48वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान शुक्रवार को भागलपुर पहुंचे। राज्यपाल के भागलपुर पहुंचते ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद भागलपुरी अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया।
कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह में 2021-22-23 और 24 के छात्रों को पदक और उपाधि देकर सम्मानित किया। इस दीक्षांत समारोह में चार सत्रों के 182 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और स्मृति पदक से सम्मानित किया गया। कुलाधिपति के द्वारा इन सभी छात्रों सहित पीएचडी डिग्री धारकों को शपथ भी दिलाई गई। साथ ही 5117 छात्र-छात्राओं को डिग्री और सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर जवाहरलाल ने कहा कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सबसे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को डिग्री और सर्टिफिकेट देने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

एक छात्र ने मंच के पास पहुंचकर की नारेबाजी

BHAGALPUR : तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। कार्यक्रम के बीच एक छात्र अचानक सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए मंच के बेहद करीब पहुंच गया और जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। उसने अपनी शिकायतों से जुड़ी पर्चियां भी हवा में उड़ा दीं। जिससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। यह पूरी घटना राज्यपाल की मौजूदगी में घटी। जो वीवीआईपी सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की गंभीर मिसाल है। कुछ पलों के लिए सुरक्षाकर्मी भी स्थिति को समझ नहीं पाए। जिससे राज्यपाल की सुरक्षा पर खतरे की आशंका उत्पन्न हो गई। छात्र द्वारा फेंकी गई पर्चियों में विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं, परीक्षा परिणामों में देरी और छात्र हितों की अनदेखी जैसे मुद्दे दर्ज थे।

उन्होंने बताया कि पीजी सामान्य कोर्स में 116 लोगों को, पीजी वोकेशनल और प्रोफेशनल कोर्स में 12, फैकल्टी टॉपर में 19, स्मृति पदक पीजी में 26, बेस्ट ग्रेजुएट में 3, स्मृति पदक स्नातक में 6 लोगों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वहीं इस दीक्षांत समारोह को लेकर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के सीनियर सदस्य राजेश कुमार तिवारी ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए आज के इस दीक्षांत समारोह को सादे तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने कुलपति से भी आग्रह किया था कि आयोजन को सादगी से किया जाए। क्योंकि अभी पूरे देश के लिए यह दुख की घड़ी है।

मोतिहारी में किशोर की चाकू गोद कर हत्या

MOTIHARI : जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के अगरवा मोहल्ले में एक 15 साल के किशोर की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे नगर इंस्पेक्टर विजय कुमार व पुलिस बल मामले की जांच में जुटे है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बेलीसराय मुहल्ला निवासी ननकी राम का पुत्र गोलू कुमार है। मृतक की मां ने बताया कि वह इधर कुछ दिनों से अगरवा के चिकनी घाट के समीप भाड़े पर कमरा लेकर रह रही थी। उसके बेटे ने शाम के 5:00 बजे फोन कर उसे बताया कि वह घर खाना खाने आ रहा है, थोड़ी ही देर बाद उसका कॉल आया कि तुम्हारे बेटे को चाकू मार दिया गया है। पुलिस मामले के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है, वहीं मृतक गोलू के साथ एक लड़का अली था, जिससे पूछताछ की जा रही है।

रेलवे ट्रैक से खोले गए पेंड्रौल क्लिप के साथ मदरसा के दो छात्र गिरफ्तार

AGENCY EAST CHAMPARAN : जिला के नेपाल सीमा से सटे कुंडवा चैनपुर रेलवे स्टेशन के समीप एक संदिग्ध मामला सामने आया है। आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक से खोले गए कई पेंड्रौल क्लिप के साथ मदरसे के दो छात्रों को हिरासत में लिया है। आशंका जतायी जा रही है कि ये लोग ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया है। इसको लेकर पुलिस और आरपीएफ पकड़े गये दोनो मदरसा के छात्रो से गहन पूछताछ और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है,कि इस साजिश के पीछे अन्य व्यक्ति भी शामिल हो सकते है।आरपीएफ इंस्पेक्टर ए.के चौधरी ने बताया कि नियमित गश्ती टीम को रेलवे ट्रैक के निरीक्षण के दौरान कई पेंड्रौल क्लिप खोले हुए मिले। गश्ती दल ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी के दौरान आरपीएफ ने दो युवकों को घटनास्थल के पास ही संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। इनके पास से कुछ पेंड्रौल क्लिप और अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि दोनों युवक स्थानीय मदरसे में पढ़ाई करते हैं। उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने के बाद उन्हें हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है, जिसके बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा कि इन लोगो ने साजिश के तहत तो पैड्रौल क्लिप नही खोला था।

अंतरजिला ठग गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

AGENCY ARARIA : अररिया जिला पुलिस ने अंतरजिला ठग गिरोह के दो सदस्यों को सहरसा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाईल, सफेद रंग का ऑल्टो कार, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक के एटीएम कार्ड आदि बरामद किए हैं। जानकारी शुक्रवार को एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।
एसपी ने बताया कि इसी साल 12 मार्च को पूर्णिया के जलालगढ़ थाना क्षेत्र के दनसार वार्ड संख्या 10 निवासी पूजा देवी पति-हरिनंदन पासवान ने नगर थाना में एक शिकायत दर्ज कराया था।जिसमें उन्होंने रिवर फाइनेंस लिमिटेड नामक प्राईवेट कंपनी के द्वारा 76 हजार रुपए लोन देने के नाम पर बहुत सारे लोगों से 25 -25 सौ रुपए की ठगी करते हुए लगभग 10 लाख रुपए की राशि की ठगी कर लेने की बात कही थी।आवेदन में पूर्णिया के जलालगढ़ एवं अररिया के विभिन्न गांवों के 25 ग्रुप के लगभग तीन सौ सदस्यों से ग्रुप लोन देने के नाम पर ठगी की बात कही गई थी। आवेदन में तीन को नामजद किया गया था।
मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंजनी कुमार ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामपुकार सिंह के नेतृत्व में डीआईयू एवं थानाध्यक्ष, अररिया के साथ एक छापामारी दल का गठन करते हुए ठगी का जल्द उद्भेदन करने का निर्देश दिया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान एवं आसूचना संकलन करते हुए ठगी में शामिल गिरोह का पता लगाया तथा ठगी में शामिल दो अभियुक्तों को सहरसा जिला से पकड़ा गया।
गिरफ्तार ठग में मधेपुरा के ग्वालपाड़ा के 30 वर्षीय जयराम कुमार पिता सुरेश साह, मधेपुरा के शंकरपुर के 29 वर्षीय सुनिल कुमार पिता लक्ष्मण साह को गिरफ्तार किया गया।

115 ग्राम ब्राउन शुगर व नेपाली करेंसी के साथ कारोबारी गिरफ्तार

ARARIA : जिले की बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बेला गांव में शत्रुघ्न चौपाल के घर छापेमारी कर 115 ग्राम ब्राउन शुगर और 7 हजार 700 नेपाली करेंसी के साथ मादक पदार्थ के कारोबारी शत्रुघ्न चौपाल के पुत्र रविन चौपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई के दौरान रविन ब्राउन शुगर का पैकेट लेकर भागने लगा,जिस पर एसएसबी के जवानों और बसमतिया थाना पुलिस ने खदेडकर उन्हें पकड़ा और उनकी तलाशी के बाद उनके पास से ब्राउन शुगर और नेपाली करेंसी के साथ आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद किया गया। जानकारी शुक्रवार को एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में दी।

भागलपुर में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल एक हिंदू महिला कर रही पीर बाबा की सेवा

AGENCY BHAGALPUR : धर्म की दीवारें जब इंसानियत और भाईचारे के सामने झुक जाती हैं, तो ऐसे दृश्य उभरते हैं जो भारत देश की मिट्टी को और भी महान बना देते हैं। बिहार में भागलपुर जिले के घोघा क्षेत्र के पक्कीसराय बाजीरौजा, आमापुर गांव में एक ऐसा ही दृश्य देखने को मिलता है। जहां एक हिंदू महिला गिरिजा देवी पिछले कई वर्षों से वजीर बाबा पीर बाबा की दरगाह की सेवा कर रही हैं।
गिरिजा देवी इस मजार की देखभाल सिर्फ आज नहीं कर रहीं, बल्कि उनके पूर्वज भी इस दरगाह की सेवा करते आए हैं। उनका मानना है कि इस स्थान पर सच्चे दिल से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है ।यही कारण है कि न सिर्फ भागलपुर, बल्कि देश के कोने कोने से लोग इस दरगाह पर चादरपोशी के लिए आते हैं। खास बात यह है कि गिरिजा देवी खुद पूजा-पाठ के साथ-साथ नमाज भी अदा करती हैं। हर शुक्रवार को लगने वाले मेले की व्यवस्था भी संभालती हैं। यह दरगाह धर्म नहीं, इंसानियत की बात करती है। गिरिजा देवी का संदेश भी उतना ही प्रेरक है। अगर हम एक हिंदू होकर इस दरगाह की सेवा कर सकते हैं, तो क्यों न मुस्लिम भाई भी मंदिरों की सेवा कर एकता की नई मिसाल कायम करें। जब हम मिलकर रहेंगे, तभी हिंदुस्तान आगे बढ़ेगा ।यह कहानी सिर्फ एक मजार की नहीं, भारत की उस आत्मा की है जो विविधताओं में एकता की सांस लेती है।

यह खाद वायुमंडलीय नाइट्रोजन को मिट्टी में करती है स्थिर, कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने में भी सक्षम

हरी खाद से बढाएं मिट्टी की उर्वरा शक्ति : डॉ. आशीष राय

AGENCY EAST CHAMPARAN : बिना सड़े पौधों का वह भाग जिसे हम मिट्टी में मिलाकर हरी खाद के रूप में उपयोग कर सकते हैं हरी खाद जैविक खेती का एक महत्वपूर्ण अवयव है इसका मुख्य उद्देश्य वायुमंडलीय नाइट्रोजन को मिट्टी में स्थिर करना एवं मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा को बढ़ाना है। उक्त बाते जिला के परसौनी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा विशेषज्ञ डा.आशीष राय ने बातचीत के दौरान कही। उन्होने कहा कि असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के कारण दिन प्रतिदिन मिट्टी की सेहत खराब हो रही है जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति का क्षरण हो रहा है। ऐसे में हरी खाद मिट्टी की सेहत के लिए बेहतर विकल्प है। हरी खाद मिट्टी को 17 पोषक तत्वों की आपूर्ति करने में सहायता करता है, साथ ही मिट्टी में हार्मोन तथा विटामिन की मात्रा भी बढ़ाता है। उन्होने बताया कि दलहनी फसलों को उनके वानस्पतिक वृद्धि काल में फूल आने के तुरंत बाद जुताई करके मिट्टी में अपघटन के लिए मिलाकर हरी खाद बनाया जा सकता है।

खाद के लिए इन दलहनी फसलों का करें चुनाव

हरी खाद के लिए दलहनी फसलें कृषि जलवायु प्रक्षेत्र के अनुसार ली जाती है। ये फसलें कम समय में ही बहुतायत मात्रा में कार्बनिक पदार्थ उपलब्ध कराती है। दलहनी फसलों की वृद्धि शीघ्र होती है जिसके कारण खरपतवार की वृद्धि नहीं हो पाती है तथा मिट्टी में शीघ्र ही सड़ने योग्य हो जाती है। जिसमे प्रमुख हरी खाद के लिए ढैंचा, सनई, लोबिया, ग्वार, उड़द और मूंग को शामिल किया जा सकता है। गन्ने की खेती में गन्ना एवं सनई की फसल को साथ लगाने से 40-50 दिन बाद गन्ने में मिट्टी में चढ़ाने के समय सनई को मिट्टी में मिला कर हरी खाद बनाया जा सकता है।

हरी खाद से होने वाले प्रमुख लाभ

इससे मिट्टी में भौतिक एवं रासायनिक संरचना अच्छी होती है जिससे पानी का संचयन होता है। हरी खाद वायुमंडल में उपस्थित नाइट्रोजन को स्थिर करता है जिससे रासायनिक उर्वरकों की निर्भरता कम होती है। हरी खाद मिट्टी में गहरी जरी विकसित करता है जिसके कारण मिट्टी में वायु संचार अच्छा होता है और फंगस की बीमारी कम लगती है। सूक्ष्मजीवों के लिए यह खाद्य पदार्थ का काम करता है जो इन्हें खाकर बहुत तेजी से अपनी संख्या को बढ़ाते हैं जिससे अपघटन तेजी से होती है। हल्की तथा भारी दोनों प्रकार की मिट्टियों में कार्बनिक पदार्थ की वृद्धि से उपज में वृद्धि के साथ-साथ मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा बढ़ने के कारण जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है और पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मिलता है।

बिहार-नेपाल सीमा से अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

EAST CHAMPARAN : बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के नेपाल सीमा से सटे रक्सौल से एक अमेरिकी नागरिक को आव्रजन (इमिग्रेशन) विभाग ने जांच के दौरान पकड़ा है। उक्त अमेरिकी नागरिक रक्सौल बॉर्डर के रास्ते भारत से नेपाल जा रहा था। गिरफ्तार अमेरिकी युवक की पहचान एटन बेन पिता याकूब बेन अब्राहम, 39,456, वर्जीनिया, अमेरिका के रूप में हुई है। आव्रजन विभाग के अनुसार उक्त अमेरिकी नागरिक नेपाल से भारत मे आने के दौरान अक्टूबर 2024 में रक्सौल इमिग्रेशन में इंट्री के लिए आया था। मगर, रक्सौल इमिग्रेशन ने टूरिस्ट वीजा की निर्धारित 180 दिन की समय सीमा समाप्त देखकर रिफियूजल स्टाम्प लगा कर वापस नेपाल भेज दिया था।

गायघाट में अनुदानित मूल्य पर किसानों को मिल रहा मूंग व उड़द बीज

AGENCY EAST CHAMPARAN : दलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार किसानो को अनुदानित मूल्य पर मूंग व उड़द का बीज उपलब्ध करा रही है। हरसिद्धि मे राष्ट्रीय कृषि योजना दलहन क्षेत्र विस्तार के तहत 2.72 क्विंटल मूंग व खाद्य एवं पोषक योजना के तहत अनुदानित दर पर 13.92 क्विंटल उड़द बीज वितरण आवंटित है। किसानो का चयन किसान सलाहकार व कृषि समन्वयक द्वारा किया गया है। किसान बीज के लिए ऑनलाइन डिमांड किये है। चयनित किसान डिमांड नंबर के साथ गायघाट स्थित बीआरबीएन के डीलर शिव शक्ति खाद बीज भंडार से बीज ले सकते है। किसानो को बीज बायोमेट्रिक ढंग से दिया जायेगा। बीज वितरण मे हरसिद्धि प्रखंड के प्रशिक्षु प्रखंड कृषि पदाधिकारी विक्रम राज, कृषि समन्वयक रामा प्रसाद सिंह सहित अन्य कृषि कर्मियो को लगाया गया है।

गर्मी में परिंदों की प्यास बुझाना इंसानियत की पहचान

तेज होती गर्मी, घटते जलस्रोत और बढ़ती कंक्रीट संरचनाओं के कारण पक्षियों के लिए पानी और छांव जैसी बुनियादी जरूरतें भी दुर्लभ होती जा रही हैं। परिंदे हमारी प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं और अगर वे गायब हो गए तो यह धरती और भी सूनी हो जाएगी। आधुनिक समाज वातनुकूलक (एसी) चलाने में सक्षम है, लेकिन पक्षियों के लिए एक कटोरा पानी रखने में असफल। हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करके इस स्थिति को बदल सकता है, जैसे छत या बालकनी में पानी रखना, पेड़ लगाना और बच्चों में करुणा की भावना जगाना। यह सिर्फ परिंदों के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत के लिए भी एक परीक्षा है कि क्या हम वाकई इंसान हैं। गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है, खासकर उनके लिए जिनकी आवाज न अखबार में छपती है, न टीवी पर आती है और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की जो इस तेज धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है। एक निरीह पुकार, जो हर दोपहर किसी छत पर, किसी सूखी डाल पर, किसी तपती खिड़की की जाली के पीछे से उठती है। हमने पेड़ काटे, तालाब पाटे, छज्जों को सीमेंट से बंद कर दिया और टीन की छतों से सूरज को और गर्म कर दिया। आधुनिकता के नाम पर हमने अपने घरों को एसी से ठंडा किया, लेकिन परिंदों के लिए एक घूंट पानी छोड़ना भूल गए। पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम होती जा रही हैं। अब उनके लिए न पेड़ बचे, न परछाईं, न ही वह परंपरागत संस्कृति, जिसमें हर घर की मुंडेर पर मिट्टी का एक कटोरा पानी से भरा होता था। कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं। यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं, क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है या फिर क्या इनका कोई एनजीओ सम्मेलन बुलाया जाता है। दरअसल परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं और सबसे जरूरी कि वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी और हम भी। हमें यह समझना होगा कि ये नन्हे जीव प्रकृति की बड़ी चेतावनियां लेकर आते हैं। जब वे प्यास से मर रहे हैं तो समझिए कि पानी की कमी अब हमारी ओर भी बढ़ रही है। आज जरूरत इस बात की है कि हम बर्ड फ्रेंडली समाज बनें। यह कोई बड़ा आंदोलन नहीं, सिर्फ छोटी-छोटी चीजें हैं। छत या बालकनी में एक मिट्टी का पानी भरा कटोरा रखें। पेड़ लगाएं, खासतौर पर नीम, पीपल, अमरूद जैसे देशी वृक्ष। बच्चों को परिंदों के बारे में बताएं, दया, संवेदना और जुड़ाव सिखाएं। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था करें। मंदिरों-मस्जिदों-गुरुद्वारों जैसे स्थलों को भी प्रेरित करें कि वे पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था है करें। यह काम किसी सरकार का इंतजार नहीं करता। यह आपके हाथ में है। हम एसी चलाने के लिए हजारों की बिजली जला देंगे, लेकिन एक कटोरा पानी रखने में कंजूसी कर जाते हैं। हम स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों बहा देंगे, लेकिन स्मार्टनेस इतनी नहीं कि बेजुबानों के लिए भी कुछ छोड़ सकें। हमारे समाज में अब करुणा भी इंस्टाग्राम रील बन गई है सिर्फ दिखावा भर, पर असर नहीं। गांवों में भी अब पुराने तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियां टूट चुकी हैं और पशु-पक्षियों के लिए पीने का पानी अब मुश्किल हो गया है। एक समय था जब गांव में हर कुएं की मेड़ पर परिंदे पानी पीने आते थे। आज वही कुएं सीमेंट से बंद कर दिए गए हैं। शहरों ने गांवों को विकास तो दिया, लेकिन वह विकास पक्षियों के लिए विनाश बन गया। जलवायु परिवर्तन का सबसे पहला और सीधा असर बेजुबानों पर पड़ता है। तापमान में जरा-सी वृद्धि भी इनके लिए प्राणघातक हो सकती है। इंसान तो पंखा चला लेता है, बर्फ खा लेता है, डॉक्टर के पास चला जाता है, पर चिड़िया कहां जाए, कबूतर किससे कहे कि वह प्यासा है। हम खुद को बुद्धिजीवी, संवेदनशील, शिक्षित और विकसित कहते हैं, लेकिन क्या कोई भी ऐसी सभ्यता वाकई विकसित कहलाने लायक है, जो अपने साथ रहने वाले जीवों को मरता देखे और फिर भी चुप रहे। हर गर्मी हमें यह सोचने का मौका देती है कि इस बार क्या हम अपने घर की छत, खिड़की, बालकनी या आंगन में एक कोना ऐसा बना सकते हैं, जहां कोई छोटा परिंदा अपनी चोंच भर पानी पी सके।

बहस में न्यायालय और उपराष्ट्रपति की चिंता

ANALYSIS

✍ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

उपराष्ट्रपति धनखड़ कानून के गहरे जानकार हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में प्रैक्टिस कर चुके हैं। उपराष्ट्रपति बनने से पहले प. बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में राज्यपाल रह चुके हैं। उस दौरान उन्होंने संविधान का भी गहरा अध्ययन किया और राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति के अधिकारों को समझा और समझाया। ऐसे विद्वान उपराष्ट्रपति यदि न्यायपालिका पर ही कोई प्रश्न खड़ा कर रहे हैं, तो उसके निहितार्थ समझने होंगे। देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग कार्य निर्धारित हैं। यदि नियमों की बात की जाए तो भारत में विधायिका का काम कानून बनाना है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करती है और विवादों का निपटारा करती है। इन तीनों के ऊपर है भारत का राष्ट्रपति, इसलिए ही वह (राष्ट्रपति) संघ का प्रमुख है और विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां राष्ट्रपति में ही निहित बताई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह न्यायालय के सम्मान में ही सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की सिफारिश पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं।

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह कहकर एक नई बहस को जन्म दिया है कि देश ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां जज कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम भी खुद ही करेंगे और सुपर संसद की तरह काम करेंगे। अनुच्छेद142 न्यायपालिका के लिए न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ कानून के गहरे जानकार हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में प्रैक्टिस कर चुके हैं। उपराष्ट्रपति बनने से पहले प. बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में राज्यपाल रह चुके हैं। उस दौरान उन्होंने संविधान का भी गहरा अध्ययन किया और राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति के अधिकारों को समझा और समझाया। ऐसे विद्वान उपराष्ट्रपति यदि न्यायपालिका पर ही कोई प्रश्न खड़ा कर रहे हैं, तो उसके निहितार्थ समझने होंगे। देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग कार्य निर्धारित हैं। यदि नियमों की बात की जाए तो भारत में विधायिका का काम कानून बनाना है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करती है और विवादों का निपटारा करती है। इन तीनों के ऊपर है भारत का राष्ट्रपति, इसलिए ही वह (राष्ट्रपति) संघ का प्रमुख है और विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां राष्ट्रपति में ही निहित बताई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह न्यायालय के सम्मान में ही सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की सिफारिश पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। राष्ट्रपति के पास यह शक्ति भी

है कि वह किस न्यायाधीश को उसके पद से हटाएं अथवा नहीं यानी कि न्यायाधीशों को उनके पद से समय पूर्व या किसी भी अन्य कारण से हटाने का अधिकार भी राष्ट्रपति अपने पास रखते हैं। जब देश में किस भी मामले में कानून संबंधी सवाल खड़े होते हैं, तब भी राष्ट्रपति के पास यह अधिकार सुरक्षित हैं कि वह तय करेंगे कि देश को किस ओर ले जाना है, इसके लिए राष्ट्रपति अदालत को निर्देशित भी कर सकते हैं। इतना सब होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मृत्युदंड के फैसले में सिर्फ राष्ट्रपति अपनी शक्ति का उपयोग कर अपराधी को क्षमादान दे सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास तीनों सेनाओं का सुप्रीम कमांडर होने की भी शक्ति है। इस तरह देखें तो भारत के राष्ट्रपति की अपार शक्तियां हैं, जिन्हें किसी भी न्यायालय की सीमा में नहीं बांधा जा सकता, क्योंकि वह उससे भी ऊपर है। भारतीय संविधान कहता है कि राष्ट्रपति देश का सबसे बड़ा पद है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट न्यायपालिका की सबसे बड़ी इकाई होने के नाते देश के राष्ट्रपति को सलाह दे सकता है, लेकिन राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट की सलाह को मानेंगे अथवा नहीं, यह राष्ट्रपति के विवेक पर छोड़ दिया गया है यानी कि न्यायालय द्वारा दी गई किसी भी सलाह को मानना राष्ट्रपति के लिए स्पष्ट रूप से बाध्यकारी नहीं है। कुल मिलाकर राष्ट्रपति में संपूर्ण राष्ट्र की शक्ति निहित है अर्थात विधायिका, कार्यपालिका और न्यायालय तीनों की शक्ति राष्ट्रपति पद में निहित है, पर यहां व्यवहार में क्या हो रहा है, जिस राष्ट्रपति को विधायिका चुनती है और यह विधायिका किसी भी लोकतंत्र शासन प्रणाली में उस लोक के एक-एक चुने हुए जन प्रतिनिधि से बनती है, उस विधायिका की शक्ति को ही न्यायालय आज खुद से संचालित करते हुए देखा जा रहा है। जिस विधायिका और कार्यपालिका के माध्यम से चुने हुए जनता के प्रतिनिधि जनतंत्र को संचालित करने का काम करते हैं, आज न्यायालय उस पर ही कई तरह से अंकुश लगाने का काम कर रहा है। वास्तव में इसी का यह सबसे बड़ा उदाहरण है,जिसमें कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय कर दी। वस्तुतः इसी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्हें कहना पड़ा है कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। अब भले ही अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता हो कि वह पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। उसे भी यह सदैव याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। उपराष्ट्रपति धनखड़ आज जो राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लिए जाने के वास्ते समय-सीमा निर्धारित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले पर चिंता जता रहे है, वह वाकई गंभीर है, क्योंकि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे। आश्चर्य है, राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से फैसला करने के लिए कहा जा रहा है और यदि ऐसा नहीं होता है, तो संबंधित विधेयक कानून बन जाता है। धनखड़ पूछ रहे हैं, हम कहां जा रहे हैं, देश में ये क्या हो रहा है। हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं, जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका का कार्य स्वयं संभालेंगे, जो सुपर संसद के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता। वे सही कह रहे हैं कि भारत में राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते, जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करने का है उसके आधार पर, फिर भी इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया है कि जब अनुच्छेद 145(3) तय हुआ था, तब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या आठ थी, उसमें भी इस प्रकार के निर्णय के लिए पांच या उससे भी अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है, पर अब तो 30 से ऊपर हैं, तब फिर समझ लीजिए कि यदि इस तरह का कोई निर्णय न्यायपालिका को लेना हो तो कितने जज होने चाहिए, पर जो फैसला तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लिया है और उसमें जिस तरह से राष्ट्रपति की शक्तियों को छोटा कर दिखाने का प्रयास हुआ है, वह कहीं से भी उचित नहीं ठहराया जा सकेगा। यह भारतीय संविधानिक व्यवस्था में पहली बार हुआ है कि राज्यपाल के दस्तखत के बगैर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से कोई विधेयक कानून बना और तमिलनाडु के सभी 10 लंबित विधेयकों को मंजूरी मिल गई।

चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन

अब इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए, बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाए। राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए। 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53,749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है, जबकि इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या में पीएचडी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं, तकनीकी शिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक भी चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे। यह हालत हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर रही है। सवाल है कि आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं, तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं, तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती। फिर सीधा-सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम हैं, पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं, अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही। इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक ओर तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही- सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है। अब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए, इससे नकारा नहीं जा सकता है, पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है, तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेक संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती हैं। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडीक्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां, परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है। सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है, उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है। दरअसल इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती हैं तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रूप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है, जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है। दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है, जिससे दोहरा नुकसान होता है। एक तो उस पद के योग्य लोगों को नुकसान होता है तो दूसरा मूल पर का काम तो बाधित ही रहता है, क्योंकि जिस पद पर चयन हुआ है, वह काम तो करना ही नहीं है। अभी कुछ समय पुरानी ही बात है। लगभग सभी जगह हालत यह है कि नगर निगमों में सफाई कर्मियों की भर्ती में अधिकांश उच्च शिक्षा प्राप्त होने या उच्च वर्ग से जुड़े होने के कारण चयनित होने के बाद उन्हें सफाई कर्मी का काम तो करना ही नहीं था और किया भी नहीं। उनकी सेवाएं आफिस में क्लर्की के रूप में ली जाने लगीं। इससे अधिकांश नगर निकायों की सफाई व्यवस्था तो प्रभावित हुई ही, साथ ही असली दावेदार तो बेरोजगार ही रह गए। रोजगार के नाम पर ऐसी भर्तियां हुईं, जो बोझ बनकर रह गईं। यह वास्तविकता का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष तो उच्च योग्यता होने के बाद भी उसके अनुसार नौकरी नहीं मिलना है। इसके लिए किसे दोष दिया जाए। सवाल यह उठता है कि बीटेक करने वाले युवक को इंजीनियरिंग का काम नहीं मिलता है, तो फिर उसकी पढ़ाई का मतलब ही क्या है। सवाल यह भी है कि जिस तरह निजी क्षेत्र में नए-नए इंजीनियरिंग कॉलेज, एमबीए कालेज खोले गए और उनमें शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता पर ध्यान ही नहीं दिया गया तो केवल डिग्री से क्या होने वाला है। समस्या इतनी साधारण नहीं है, जितनी इसे समझा जा रहा है। यह बढ़ती बेरोजगारी की समस्या नहीं, अपितु कहीं ना कहीं हमारी संपूर्ण व्यवस्था का ही दोष है। हालात का समग्रता के साथ विश्लेषण करना होगा, नहीं तो चपरासी हो या सफाई कर्मी, इनसे भी ज्यादा आवेदन आएंगे और भर्ती भी होगी, नौकरी पर भी आएंगे।

Social Media Corner

सच के हक में...

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रारूपण के दौरान और भारत में शिक्षा को अधिक समग्र और दूरदर्शी बनाने के लिए डॉ. कस्तूरीरंगन के प्रयासों के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। वे कई युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए एक उत्कृष्ट मार्गदर्शक भी थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, छात्रों, वैज्ञानिकों और अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार का यह व्यंग्य उनके भीतर कूट कूट भरे अहंकार एवं पागलपन को दर्शाता है। जब पूरा देश ही नहीं पूरा दुनिया के लोग पहलगाम हमले को लेकर सदमे में हैं, ऐसे समय में किसी मंत्री का यह फूहड़पन शर्मनाक है और उनके इस आचरण की जितनी भी निंदा की जाय वो कम है। मैं तो इन्हें अपेक्षाकृत एक गंभीर व्यक्ति समझता था लेकिन इनका यह आचरण देखकर झारखंड वासियों का सिर शर्म से झुक गया है।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

पश्चिम बंगाल में बढ़ती अराजकता को रोकना जरूरी

